● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 147, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 06 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आंध्र प्रदेश के सीएम ने की पीएम मोदी से मुलाकात 5

नीरज चौपड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी 6

### पीएम मोदी के रूस दौरे से पहले भारतीय सेना के लिए अच्छी खबर

## 35 हजार एके-203 राइफल्स की हुई डिलीवरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8-9 जुलाई को रूस यात्रा प्रस्तावित हैं। जहां वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के मास्को दौरे से पहले ही भारतीय सेना को 35,000 एके-203 (एके-203) कलाश्निकोव असॉल्ट राइफलों की डिलीवरी कर दी गई है। इससे पहले इसी साल मई में 27 हजार एके-203 राइफलें भारतीय सेना को सौंपी गई थीं। खास बात यह है कि इन राइफलों को बनाने में इस्तेमाल हुए 25 फीसदी पार्ट भारत में तैयार किए गए हैं। इन राइफलों को भारत-रूस ज्वॉइंट वेंचर के तहत उत्तर प्रदेश के अमेठी में बनाया जा रहा है। भारत सरकार की तरफ से इन असाल्ट राइफलों को बनाने



के लिए जुलाई 2021 में रूस के साथ 5000 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। इस सौदे में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी शामिल है। इस सौदे के तहत देश में 6.7 लाख से ज्यादा एके-203 असॉल्ट राइफलों का निर्माण किया जाना है। जिन्हें एक ज्वॉइंट वेंचर के तहत इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड ये राइफल्स बनाएगी। इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 2019 में भारत के तत्कालीन आयुध निर्माणी बोर्ड (अब एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड और म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड) और रूस की रोसोबोरोनएक्सपोर्ट और कलाश्निकोव के बीच हुई थी।

कलाश्निकोव एके-203 दरअसल एके-200 असॉल्ट राइफल का एक वैरिएंट है, जिसे भारतीय सेना में इस्तेमाल होने वाले 7.62×39 मिमी कारतूस के लिए बनाया गया है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत बनाई गई ये राइफल्स भारतीय सेना को और मजबूती देंगी। भारत-असेंबल कलाश्निकोव एके-203 असॉल्ट राइफलें यूपी के अमेठी जिले बनाई गई हैं।

अनुबंध की शर्तों के अनुसार, पहली 70,000 राइफलों का उत्पादन भारत में किया जाएगा, जिसमें भारतीय पार्ट्स की सीमा को चरणबद्ध तरीके से 5 फीसदी से बढ़ाकर 70 फीसदी किया जाएगा। शेष 6 लाख राइफलों का उत्पादन 100 फीसदी स्वदेशीकरण के साथ किया जाएगा। उम्मीद है कि 2-3 साल के भीतर एके-203 राइफलों का पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू हो जाएगा।

हालांकि ये सौदा तय सीमा से पीछे चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि स्वदेशीकरण की प्रक्रिया को बेहद व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जिसके चलते देरी हो रही है। यहां तक कि 70 फीसदी स्वदेशीकरण के साथ यह प्रक्रिया पहले दो साल मे पूरी हो जानी चाहिए थी।

## सीएम ने 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का किया अनावरण

**टीकमगढ़।** मुख्मयंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जतारा में स्थित रावतपुरा सरकार की जन्मस्थली छिपरी में 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर विराजमान 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने लाड़ली बहना योजना सहित प्रदेश सरकार के 4 योजनाओं में हितग्राहियों के खाते में राशि का अंतरण किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद थे।

पं. रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 19 जून से चल रहे श्री सद्गुरू प्राकट्य उत्सव के समापन अवसर पर शामिल हुए मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से सफलता की 100 प्रतिशत गारंटी



### लाड़ली बहनों के खाते में डाली राशि

हो जाती है।

पहाड़ी पर अधिक संख्या में रावतपुरा सरकार रविशंकर महाराज ने पौधारोपण किया है, जो बहुत अच्छा है। वन विभाग हर बार पौधे लगाता है पर पौधे की गारंटी कम रहती है, उन्हें आपसे सीखने की जरूरत है। पहाड़ी पर बाबा महाकाल की प्रतिमा को विराजित करने के अलावा बाल्मीकि भवन, रविदास भवन सहित अन्य भवन बनाए है। उन्होंने छिपरी का मातृधाम करने की भी घोषणा की।

चार योजनाओं की राशि सीएम ने सिंगल क्लिक से भेजी

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 81 लाख से अधिक किसानों को वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त की राशि 1630 करोड़ रुपये, 450 रुपये में गैस सिलिंडर रिफिल योजना अंतर्गत 24 लाख से अधिक बहनों को 41 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 330.96 करोड़ की सहायता राशि का खातों अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया।

## इंफाल में निर्माणाधीन धार्मिक स्थल पर गोलीबारी

### केंद्रीय बलों की टीम तैनात थी, आधी रात की घटना, मणिपुर में 14 महीने से हिंसा जारी

**इम्फाल।** मणिपुर के इंफाल में गुरुवार-शुक्रवार की रात उपद्रवियों ने एक निर्माणाधीन धार्मिक स्थल को निशाना बनाया। पैलेस कंपाउंड में देर रात करीब 12.30 बजे हमलावरों ने धार्मिक स्थल फायरिंग की। अभी घटना में शामिल लोगों की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस ने बताया कि जिस धार्मिक स्थल पर गोलीबारी हुई, केंद्रीय बलों की एक टीम उसकी सुरक्षा में तैनात थी। राहत की बात रही कि हमले में किसी जवान को



कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार (3 जुलाई) को ही राज्यसभा में कहा था कि मणिपुर में हिंसा लगातार कम हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह शांति स्थापित करने की कोशिश कर रही है। 11,000 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। 500 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके दो दिन बाद राज्य में फिर से गोलीबार की घटना हुई है। राज्य में 3 मई, 2023 से मैतेई और कुकी-जोमी जनजाति के बीच तनाव जारी है। हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़कर दूसरे जगह शरण लिए हुए हैं।

## जून में वेज थाली की कीमत 10 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 10% बढ़कर 29.40 रुपए हो गई है। पिछले साल जून 2023 में वेज थाली की कीमत 26.7 रुपए थी। क्रिसिल ने शुक्रवार (5 जुलाई) को जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने मई की तुलना में जून में 5.75% की बढ़ोतरी देखने को मिली।

## भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात

### गुजरात में सड़कें जलमग्न, असम में अब तक 62 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों भारी बारिश जारी है। इसके चलते कई राज्यों में सड़कें जलमग्न हो गई है। साथ ही कुछ स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। बाढ़ से सर्वाधिक असम और गुजरात प्रभावित हैं, जहां न सिर्फ जनजीवन प्रभावित हुआ हैं, बल्कि कई लोगों की मौत भी हो गई। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों को भी बंद करना पड़ा हैं। गुजरात में भारी बारिश के कारण कुछ स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सूरत, वलसाड समेत कई शहरों में सड़कें जलमग्न हो गई। वहीं, लोगों के घरों और दुकानों में भी पानी जमा हो गया। मौसम विभाग ने राज्य के कई शहरों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुजरात के जूनागढ़, द्वारका, केशोद, वंथली, मेंदरदा, जूनागढ़ शहर, राजकोट, गिर सोमनाथ में भारी बारिश दर्ज की गई है। इधर, असम से बाढ़ के कारण हालत खराब हो गए। गुरुवार को बाढ़ से 6 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 62 तक पहुंच गई हैं। जबकि, 29 जिलों में 21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर के नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, असम और मेघालय में 6 जुलाई तक भारी से अति भारी की संभावना है। साथ ही मध्य महाराष्ट्र में भी 7 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा,दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, बिहार, पश्चिम बंगाल में भी अति भारी बारिश और हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## रेलवे ने बनाया धांसू प्लान, दो साल में खत्म हो जाएगा वेटिंग का झंझट

**नई दिल्ली।** अब लोगों का ट्रेन में सफर आरामदायक होगा। इसके लिए भारतीय रेलवे ने योजना तैयार की है। रेलवे ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दो सालों में करीब दस हजार नॉन-एसी कोचों के निर्माण को मंजूरी दी है। इंडियन रेलवे ने 2024-25 और 2025-26 में 99929 गैर-एसी कोच बनाने की प्लानिंग को परमिशन दे दी है। इनमें से 4485 नॉन-एसी कोच वित्त वर्ष 2024-25 में बनाए जाएंगे। अगले साल 5444 कोच तैयार किए जाएंगे।

## अपराधी पैदा नहीं होते, बनाए जाते हैं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। कोर्ट ने यह कमेंट 3 जुलाई को किया। मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने की।



साल 2020 का ये मामला नकली नोटों की तस्करी से जुड़ा हुआ है। एनआईए ने फरवरी 2020 में मुंबई के अंधेरी इलाके से 2 हजार के 1193 नकली नोटों (इंडियन करेंसी) के साथ एक युवक को हिरासत में लिया था। एजेंसी ने दावा था कि इन नकली नोटों को तस्करी के जरिए पाकिस्तान से मुंबई लाया गया था। बीते 4 साल से युवक एनआईए की हिरासत में है। 5 फरवरी 2024 को उसने मुंबई हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद युवक ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि हर संत का अतीत होता है और पापी (अपराधी) का भविष्य होता है। जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि हर किसी में मानवीय क्षमता अच्छी होती है।

## इंजीनियर राशिद और अमृतपाल ने सांसद पद की शपथ ली

### दोनों पैरोल पर तिहाड़-डिब्रूगढ़ जेल से निकले, बारामूला और खडूर साहिब से चुनाव जीते हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल राशिद और असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने शुक्रवार (5 जुलाई) को सांसद पद की शपथ ली। दोनों आज पैरोल पर बाहर आए और संसद भवन में शपथ ली।

56 साल के इंजीनियर राशिद को शपथ लेने के लिए तिहाड़ जेल से दो घंटे की पैरोल मिली थी। वहीं, 31 साल के अमृतपाल सिंह को 4 दिन की पैरोल मिली है। राशिद को परिवार से मुलाकात के



बाद वापस तिहाड़ ले जाया गया। अमृतपाल को भी परिवार से मुलाकात के बाद असम ले जाया जाएगा। इंजीनियर राशिद के शपथ ग्रहण के दौरान उसके बेटे असरार राशिद और अबरार राशिद, बेटी और पत्नी, भाई खुर्शीद अहमद शेख और दो अन्य लोग शामिल थे। हालांकि, राशिद या अमृतपाल के शपथ ग्रहण की कोई फोटो सामने नहीं आई है।

राशिद ने जेल में रहते हुए जम्मू-कश्मीर के बारामूला सीट से 2024 लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की है। अमृतपाल पंजाब के खडूर साहिब से लोकसभा चुनाव जीता है। जेल में रहने के कारण दोनों 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में 24 और 25 जून को अन्य सांसदों के साथ शपथ नहीं ले सके थे। नए सांसद के लिए 60 दिन के अंदर शपथ लेना जरूरी होता है। ऐसा न होने पर उसकी सदस्यता जा सकती है। दिल्ली पुलिस संसद में शपथ के बाद अमृतपाल को उसके परिवार से मुलाकात करवाएगी। इसके लिए उसके परिवार को सेफ हाउस में लाया जा रहा है। यहां खडूर साहिब सांसद एक घंटे तक परिवार से मिलेगा। लोकसभा महासचिव की ओर से तय किए सुरक्षाकर्मी वहां मौजूद रहेंगे। अमृतपाल को पैरोल की 10 शर्तों में परिवार से दिल्ली में मुलाकात की मंजूरी दी गई है। अमृतपाल सिंह के माता-पिता और चाचा दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्हें अभी अमृतपाल से मिलने का समय नहीं बताया गया है।

## पुणे पोर्श केस-आरोपी ने रोड एक्सीडेंट पर निबंध लिखा

### जुवेनाइल बोर्ड की सभी शर्तें पूरी करेगा, हाईकोर्ट ने नाबालिग को 25 जून को जमानत दी थी

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट के 42 दिन बाद नाबालिग आरोपी ने रोड एक्सीडेंट पर 300 शब्दों का निबंध लिखकर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड को सबमिट किया है। 18-19 मई की रात हादसे के बाद जुवेनाइल बाद जुवेनाइल बोर्ड ने आरोपी को 300 शब्दों का निबंध लिखने सहित कुल 7 शर्तों पर जमानत दी थी। हालांकि, पुलिस की मांग और लोगों के आक्रोश के बाद जुवेनाइल बोर्ड ने अपने फैसले में संशोधन किया था। 22 मई को बोर्ड ने आरोपी को बाल सुधार गृह में भेजने का आदेश दिया था। हालांकि, 25 जून को बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग आरोपी को जमानत दे दी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा था कि आरोपी पर जुवेनाइल बोर्ड के आदेश की सभी शर्तें लागू रहेंगी। बाल सुधार गृह से निकलने के बाद नाबालिग ने 3 जुलाई को निबंध लिखने की एक शर्त पूरी की।

## महाकाल-लोक की तर्ज पर विकसित होगा दमोह का जागेश्वरनाथ धाम: धर्मस्व मंत्री

**भोपाल।** बुंदेलखण्ड के दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित जागेश्वरनाथ धाम अब महाकाल-लोक की तर्ज पर विकसित होगा। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार महाकाल-लोक की तर्ज पर अब दमोह के जागेश्वरनाथ धाम को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आज पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विधानसभा कक्ष में समीक्षा की गई।

मंत्री श्री लोधी ने कहा कि बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ धाम में विराजित शिवलिंग वर्षों से लोगों के श्रद्धा और आश्चर्य का केन्द्र बना हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ बयान पर एएमआई चीफ की माफी

### बोले- कोर्ट की गरिमा कम करना मकसद नहीं, पतंजलि केस पर कहा था- कोर्ट ने मनोबल तोड़ा

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चीफ डॉ. आरवी अशोकन ने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ मीडिया में दिए बयान को लेकर शुक्रवार (5 जुलाई) को माफी मांगी। एसोसिएशन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि अशोकन ने अपने बयान पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे।



दरअसल, पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल को पतंजलि के साथ-साथ आईएमए को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईएमए को अपने डॉक्टरों पर भी विचार करना चाहिए, जो अक्सर मरीजों को महंगी और गैर-जरूरी दवाइयां लिख देते हैं। अगर आप एक उंगली किसी की ओर उठाते हैं, तो चार उंगलियां आपकी ओर भी उठती हैं। सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को आईएमए चीफ ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। 29 अप्रैल को न्यूज एजेंसी से इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों का मनोबल तोड़ा है। आईएमए चीफ के इस बयान पर पतंजलि के चेयरमैन बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल कर कहा था- अशोकन ने कानून की गरिमा कम की।

## भाजपा ने 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची : तेजस्वी

**पटना।** आज राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते



हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है।

वहीं तेजस्वी यादव ने अपने पिता के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि थोड़ा और मेहनत करते तो ज्यादा सीट जीतते। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि हमलोगों को 10 से 12 सीटों पर गलती करके राजद को हराया गया। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। जाति आधारित गणना और 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाय। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौंकरियां देने का काम किया। तीन लाख नौकरी का प्रावधान फाइल भी बढ़ा दिया था।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। जिस दिन से नीतीश कुमार सीएम बने हैं। सिर्फ 18 महीने को छोड़ दें तो पूरे समय ग्रामीण कार्य विभाग जदयू के पास ही रहा है। बिहार में लगातार भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं। जिन लोगों ने बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई बढ़ाई, जिन लोगों के कार्यकाल में पुल टूटा, उन्हें हम सत्ता में वापस नहीं आने देंगे।

# एनसीएल की 39वीं वार्षिक आम बैठक हुई सम्पन्न

## भौतिक व वित्तीय मानकों पर वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने किया शानदार प्रदर्शन

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की 39वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार को मुख्यालय में सम्पन्न हुई। वार्षिक आम बैठक में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) कोल इंडिया, विनय रंजन, एनसीएल के निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना व योजना) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी) कोयला मंत्रालय, मारापल्ली वेंकटेश्वरलू , एनसीएल की स्वतंत्र निदेशक श्रीमती सुबीना बंसल, कंपनी सचिव (कोल इंडिया) डीपी दूबे, कंपनी सचिव (एनसीएल) सुशांत पांडा उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोल इंडिया अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद ने एनसीएल की कार्य संस्कृति की सराहना की व इसे कोल इंडिया की उत्कृष्ट




कंपनी बताया। साथ ही देश की बढ़ती ऊर्जा आकांक्षा के अनुरूप निरंतर ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त कोयला मुहैया कराने का आह्वान किया।बैठक के दौरान हितग्राहियों के समक्ष कंपनी में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हुई गतिविधियों व प्रदर्शन का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया गया। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण, अधिभार हटाव जैसे भौतिक पैमानों के साथ वित्तीय मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर एनसीएल सीएमडी बी. साईराम ने कंपनी की इस वर्ष की सफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन किया है। उन्होने कहा कि एनसीएल ने 136.15 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 137.63 मिलियन टन कोयला प्रेषण एवं 511.87 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डेन हटाकर इतिहास रचा है। वर्ष 2023-24 में एनसीएल ने देश की ऊर्जा आकांक्षाओं के अनूरूप अपने कुल प्रेषण का लगभग 90 त्न (122.25 मिलियन टन) कोयला बिजली क्षेत्र को प्रेषित किया है। स्टेकहोल्डर्स को संबोधित अपने संदेश में एनसीएल, सीएमडी साईराम ने कहा कि एनसीएल सतत एवं हरित खनन के लिए सदैव प्रयासरत है और वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 84त्न से अधिक कोयला हरित माध्यमों से प्रेषित किया है। इतना ही नहीं कंपनी ने वित्तीय मानकों पर भी अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है जिसके तहत कंपनी का सकल टर्नओवर वित्त वर्ष 2023-24 में 34,424.76 करोड़ रहा है। साथ ही कंपनी का कर पूर्व लाभ 10,843.63 करोड़ व कर उपरांत लाभ 8,318.13 करोड़ रहा है। कंपनी ने वर्ष 2023-24 में शेयरहोल्डर्स को 3,943.38 करोड़ का लाभांश दिया है।सीएमडी, एनसीएल ने हितग्राहियों के नाम अपने संदेश में यह बताया कि कंपनी ने विगत वर्ष निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय समाज के उत्थान पर लक्ष्य से अधिक 157.87 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कंपनी आगे भी प्रबंधन में श्रमिक सहभागिता की बदौलत सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध के लिए प्रतिबद्ध है।गौरतलब है कि एनसीएल को वित्त वर्ष 2024-25 में 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के साथ 510 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डेन रिमुवल का लक्ष्य दिया गया है । चालू वित्त वर्ष में कंपनी ने अभी तक (4 जुलाई, 2024) विगत वर्ष की तुलना में अभी तक 37.29 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 36.55 मिलियन टन कोयला प्रेषण एवं 131.03 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डेन हटा लिया है।

# मुख्यमंत्री द्वारा किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की प्रथम किस्त से प्रदेश के किसानों को किया लाभान्वित



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री द्वारा किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 प्रथम किस्त वितरान कार्यक्रम जतारा टीकमगढ़ का सीधा प्रसारण वीडियो कांफ्रेंस के मध्यम से अटल समुदाय भवन बैढ़न में आयोजित हुआ। जिला सिंगरौली से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 128501 किसानों लाभान्वित हुए वहीं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत 200300 महिलाएं लाभान्वित हुए।कार्यक्रम के द्वारान मध्य प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजनाएं जिसमे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना , मुख्य मंत्री किसान कल्याण योजना से जानो को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के द्वारान मुख्य मंत्री के उद्बोधन को विडियो कांफ्रेंस मध्यम से टीकगढ़ से देखा एवं सुना गया ।मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के मध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 55 लाख हितग्राहियों को 330 करोड़ से अधिक की सहायता राशि एवं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 1.29 करोड़ बहनों को 1574 करोड़ राशि से लाभान्वित कराया गया। वहीं मुख्य मंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 81 लाख से अधिक किसानों को 1630 करोड़ की राशि से लाभान्वित कराया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी सामूदायिक भवन बिलोंजी में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नगर निगम के महापोर श्रीमती रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय , प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश , भाजपा जिला अध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, अपर कलेक्टर अरविंद झा, सयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, नगर निगम कमिश्नर डी के शर्मा , जिला पंचायत के अतरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी , पार्षद संतोष शाह , खुर्शीद आलम , सत्रुघन लाल शाह , समाज सेवी पूनम गुप्ता , महिला बाल विकास अधिकारी राजेश राम गुप्ता , डीएसओ सी पी चंद्रवंशी, तहसीलदार रमेश कोल, सीएमएचओ एन के जैन , लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित किसान गण एवं लाड़ली बहना सहित अधिकारी गण मौजुद रहे ।

# त्रिवेणी उत्सव के तहत बगैया मे किया गया पौधरोपण



**सिंगरौली।** हाल ही में कुछ दिनों पूर्व गर्मी के सितम से सारा विश्व परेशान था,वहीं भारत में भी 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान पहुंचने पर जन समुदाय में एक बौखलाहट सी पैदा हो गई थी,जो वैश्विक स्तर पर चिंतनीय विषय है।वहीं वैज्ञानिकों की एवं विद्वान जानकारों की माने तो प्रकृति के बिगड़ते स्वरूप एवं पर्यावरण को संतुलित करने के लिए वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण करना अनिवार्य हो गया है।ताकि हो रही असमय बारिश,आंधी,तूफान,ओलावृष्टि, बढ़ते तापमान सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सके। जिसको देखते हुए चितरंगी विकासखंड के तहसील दुधमनिया अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र बगैया के पिपरहवा गौशाला में त्रिवेणी उत्सव कार्यक्रम सरपंच दरोगा सिंह आयाम के अध्यक्षता में व तहसीलदार दुधमनिया सारिका परस्ते की उपस्थिति में संपन्न हुआ।जहाँ राजस्व निरीक्षक शिवनंदन सिंह एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बगैया मनोज जायसवाल,उपसरपंच पंचगण,सचिव विनोद कुमार पाण्डेय,रोजगार सहायक एवं पटवारी सहित कई ग्रामीण एवं लोक सेवकों ने त्रिवेणी उत्सव अंतर्गत औषधिय,फलदार, छायादार पौधों का रोपण करते हुए उन्हें सुरक्षित करने की जिम्मेदारी भी ली।तथा हर कोई व्यक्ति तीन पौधे अवश्य लगाए,इसके लिए प्रेरक संदेश भी दिया गया।

## भूख हड़ताल पर बैठे व्यक्तियों को जूस पिलाकर धरना प्रदर्शन किया समाप्त

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी जयंत थाना विंध्यनगर में जीएम ऑफिस के सामने गुरूप्रीत सिंह के नेतृत्व में चड्डा कम्पनी के खिलाफ़ भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन दिनांक 25/06/24 से किया जा रहा था जिसमें अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था लेकिन कोई परिणाम ना निकालने के कारण तीन व्यक्ति संतोष गुप्ता, शिंटु गोस्वामी एवम रामनाथ पासवान भूख हड़ताल पर बैठ गए थे जो आज दिनांक को थाना प्रभारी श्रीमती अर्चना दिवेदी एवं चौकी प्रभारी अभिषेक पांडेय , तहसीलदार, एसओपी जयंत एवम चड्डा कम्पनी के अधिकारियों की उपस्थिति में भूख हड़ताल पर बैठे व्यक्तियों को ज्यूस पीला कर भूख हड़ताल समाप्त की गई तथा 8 लोगो को काम पर रखे जाने की मांग को मान कर धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हुआ।

# कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया रात्रि गश्त

**सिंगरौली।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में प्रतिदिन प्रभावी रात्रि गश्त की जा रही है। प्रतिदिन रात्रि गस्त के दौरान अलग अलग टीम बनाई जाकर नाइट गश्त के दौरान गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी/गुण्डा/निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।सिंगरौली जिले में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अनुभाग के समस्त



राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट गस्त की। जिला बदर के अपराधियो को चेक किया गया। निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश को चेक किया गया, इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्डों को भी प्रतिदिन चेक किया जा रहा है। रात्रि गस्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारीगणों में पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक- चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की गई। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाईश दिया गया, विध्यनगर पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान निगरानी बदमाश 1 सवाई लाल विश्वकर्मा, संतोष पटेल,अजय शाह पिता रामसेवक सभी निवासी गहीलगढ़ पश्चिम थाना विंध्य नगर को हमराह थाना स्टाफ रात्रि गस्त के दौरान चेक किया गया तो सभी उपस्थित मिले। इंदिरा चौक विंध्यनगर में रात्रि में मिलने वाले संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में प्रतिदिन की जा रही है।

# कोल वाहनों के चलते सरई की सड़क हो गई जर्जर,चलना भी दुश्वार

## टोल वसूलने वाली कम्पनी एमपीआरडीसी से गड्ढे भराए जाने की मांग

**सिंगरौली।** सरई तहसील क्षेत्र में कोल परिवहन कर रही भारी भरकम कोयला वाहकों की वजह से सड़क पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। तो दूसरी तरफ बाइक सवार जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। मां धनौजा रोड हो या गजरा-बहरा रोड सड़क बनाने वाली कंपनी एमपीआरडीसी टोल लगाकर कॉमर्सियल वाहनों से वसूली कर रही है लेकिन जगह जगह बने गड्ढे



भराकर आम लोगों की जान की सुरक्षा करना अपना कर्तव्य नहीं समझ रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क के सभी गड्ढ़ों की मरम्मत कराकर आवागमन सुरक्षित किया जाये वर्ना कोयला परिवहन करने वाले वाहनों को रोक कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिससे होने वाली समस्या व नुकसान की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। सड़क पर लगातार पानी पड़ने के कारण जगह-जगह डामर उखड़ गया है। भारी वाहन चलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। भारी प्रदूषण से लोग परेशान हैं वाहनों की रफ्तार कम करके चलने, तिरपाल ढंकने से चालक परहेज कर रहे हैं। कंपनियों के लिए कोयला परिवहन कराने वाले लोगों और आम बाजार के व्यवसाइयों के बीच तनातनी की स्थितियां निर्मित हो रही हैं। जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षित कराते हुए सड़कों के गड्ढे समतल कराए जाने की मांग की गई है।

## कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने कृषि यंत्रों का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर एवं कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज कृषि अभियांत्रिकी परिसर शहडोल में कृषि यंत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने कृषि अभियांत्रिकी परिसर में रखे कृषि यंत्रों की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित संयुक्त संचालक कृषि श्री जेएस पेन्द्राम ने कमिश्नर को कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# उत्साह व उमंग के साथ विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**शहडोल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गयी है। शहडोल जिले में यह अभियान अब जन-जन का अपना अभियान बन चुका है। प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह अभियान अलख जगा रहा है। हर कोई अपने माँ के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है। पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा जब हर एक व्यक्ति एक-एक पौंधा लगाए और उसकी सुरक्षा के लिए संकल्प लें। जब तक हम और आप इसे नहीं समझेंगे तक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाया हुआ कदम सार्थक नहीं होगा। इंसान हो या पशु-पक्षी हर किसी को आक्सीजन की जरूरत होती है। बिना आक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी नहीं जीवित रह सकता है इसलिए आक्सीजन बनाने के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा।

इसी कड़ी में शहडोल जिले में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्षन एवं निर्देषन में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पर्यावरण को बचाने एवं धरा को सजाने के लिए जिले के युवा पीढ़ी के साथ-साथ लोग उत्साह व उमंग के साथ सहभागिता निभाकर पौंधो का रोपण कर रहे है।

# स्कूटी चोरी के आरोपी को मोरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** मोरवा थाने की पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की स्कूटी भी बरामद की है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम साहिल पिता सलाहुद्दीन खान है और वह गनियारी थाना बैढन का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक स्कूटी की चोरी की थी। मामला मोरवा थाने में दर्ज किया गया था।




गौरतलब है कि ज्ञानपूर्णा त्रिपाठी पत्नी रामजी शुक्ला निवासी सरौधा थाना जियावन की रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों ने स्कूटी ग्राम चटका बस्ती से चोरी कर ले गये हैं रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की पता तलाश जा रही थी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिव कुमार वर्मा व केके पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिंगरौली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी की टीम के द्वारा स्कूटी चोरी करने वाले आरोपी की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान संदेही मो साहिल पिता सलाहुद्दीन खान उम्र 20 वर्ष निवासी गनियारी थाना बैढन से पूंछताछ किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी से चोरी गई स्कूटी बरामद कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। स्कूटी की कीमत 30 हजार बताई जा रही है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्यवाही में प्रआर विपिन तोमर, सुखला सेन, आर प्रताप पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने ग्राम पंचायत छाता पटपर में किया पौधारोपण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर, कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत छाता पटपर में ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान कमिश्नर ने ग्रामीणों से चर्चा भी की तथा ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को बचाना चाहिए। मानव स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है। कमिश्नर ने ग्रामीणों से कहा कि आप भी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए एवं अपने परिवार, समाज एवं दोस्तों को भी पौधारोपण करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र पवार, अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री अमन वैष्णव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने भी पौधारोपण किया।

# काचन नदी तट पर त्रिवेणी उत्सव के साथ हरियाली महोत्सव का हुआ शुभारंभ

## कलेक्टर ने भूमि पूजन के साथ किया वृक्षारोपण

**सिंगरौली।** ग्राम गडहरा पर स्थित काचन नदी के पास वृक्षारोपण कर हरियाली महोत्सव का जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा शुभारंभ किया गया। हरियाली महोत्सव पूरे प्रदेश में मनाया जाना है जिसके तहत वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत जिला सिंगरौली के ग्रामों एवं नगरी इकाईयो में 32 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। त्रिवेणी उत्सव मैं आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । उत्सव की शुरुआत भूमि पूजन के साथ हुई जिसके उपरांत त्रिवेणी वृक्षों का कलेक्टर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में



अधिकारी गण,आम जनों के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी पौधे लगाए। उत्सव के द्वारान जिला कलेक्टर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे भविष्य की पीढ़ी हैं इन्हे वृक्षों की महत्वता के प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को वृक्षों का जीवन में महत्व बताया और कहा कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन, फल ,छाया देने के साथ साथ वर्षाजल संचय करने में हमारी मदद करते हैं। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कीटनाशक एवं शाकनाशक के अनियंत्रित प्रयोग की वजह से कृषि उपज दूषित हो रहे हैं। अत: हमें जैविक कृषि को भी प्राथमिकता देनी होगी जिसके तहत हर जनपद पंचायत में 10 ग्राम को चिन्हित कर उन्हें जैविक ग्रामों की तर्ज पर विकसित किया जायेगा । कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेंद्र नागेश ,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, कृषि विशेषज्ञ जय सिंह ,सरपंच, जनपद अधिकारी कर्मचारी के साथ समस्त अधिकारी गण मौजूद रहे।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी

## सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रबंधन एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

### सुरक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराना अनिवार्य होगा

### सामाजिक व धार्मिक आयोजन के पूर्व उपखण्ड दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा

**सीधी।** सचिव मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा पत्र दिनांक 04 जुलाई 2024 के माध्यम से विभिन्न सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रबंधन एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त पत्र के अनुपालन में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था, भगदड़ तथा अन्य दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित न हो अतः कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है।

जारी आदेशानुसार आयोजक द्वारा सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था, आगमन और निर्गम के रास्तों का सुव्यवस्थित बैरिकेटिंग एवं सुचारू रूप से भीड़ पर समुचित नियंत्रण की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। विपरीत दिशा में लोगों के अचानक प्रवाह को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच टकराव रोकने की भी समुचित व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाकर पुलिस प्रशासन/स्थानीय निकाय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। श्रृद्धालुओं के आने-जाने के लिए पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित किए जाए और यथासंभव महिला-पुरुष के लिए पृथक-पृथक व्यवस्था की जाए। यदि प्रवेश एवं निर्गम हेतु एक ही द्वार हो, तो कार्यक्रम हेतु अस्थाई द्वार बनाना अथवा किसी अन्य व्यवस्था द्वारा खतरे को कम करने का कार्य पूर्व से निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। आपात स्थिति में भगदड़ रोकने हेतु आपातकालीन द्वार एवं प्रेशर रिलीज प्वाईन्ट पूर्व से ही चिन्हित कर, उसे आपात स्थिति के दौरान खोलने हेतु प्रक्रिया निर्धारित किया जाना आवश्यक होगा। लोगों की सुरक्षा के लिए सी.सी.टी.व्ही कैमरे, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था किया जाना आवश्यक होगा। यातायात प्लान एवं जगह-जगह पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। यदि आयोजन स्थल के पास नदी, नाला आदि हो तो वहाँ सेवादार अथवा पुलिस बल की तैनाती के साथ नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था रखी जाये और यदि उसे पार करने के लिए स्थाई पुल न हो तो अस्थाई पुल का निर्माण कराया जाना आवश्यक होगा। उपहार/भोजन/प्रसाद/कंबल आदि के मुफ्त वितरण के दौरान भगदड़ रोकने की व्यवस्था की जाना एवं अधिक भीड़ होने पर सामग्री के वितरण पर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु स्थल निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल पर समुचित बिजली, शुद्ध पेय जल एवं सुलभ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था का अचानक तथा लंबे समय तक ठप्प होने की स्थिति में वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था यथा जनरेटर, पानी के टेंकर आदि की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। आयोजनों के होने से पूर्व आयोजकों द्वारा प्रति 500 व्यक्तियों की भीड़ पर समुचित सेवादारों का प्रबंध किया जाना आवश्यक होगा, इन सेवादारों को पुलिस प्रशासन भी अपने बल से भीड़ नियंत्रण एवं भगदड़ रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रण की कार्यवाही करेगी। कतिपय अफवाह जैसे सौंप, बम आदि की अफवाह भी भगदड़ मचा सकती है। अतः इसे नियंत्रित करने हेतु आयोजकों द्वारा लाउडस्पीकर एवं ध्वनियंत्रों के माध्यम से एनाउन्स कराया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाए साथ ही चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए तथा मौके पर एम्बुलेंस दवाईयों के साथ रखना अनिवार्य होगा।

उक्तानुसार सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराना अनिवार्य होगा। किसी भी सामाजिक व धार्मिक आयोजन के पूर्व आयोजक को संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उपखण्ड दण्डाधिकारी आयोजन स्थल पर जाकर उपरोक्तानुसार आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत ही अनुमति प्रदान करेंगे।

संबंधित थाना प्रभारी/राजस्व अधिकारी/नगरीय व ग्रामीण निकायों के सक्षम अधिकारी को अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्य जन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही किया जावेगा।

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संजय आगे आये

## ग्राम डोल बाजार सीधी में जन समस्या निवारण



**सीधी।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बरम बाबा मंडल अध्यक्ष विजय साहू और डोल ग्राम के सरपंच के अनुरोध पर आज डोल बाजार में जाकर जन समस्या सुना वहां पर रोड में पानी का ब्लॉकेज घरों से निष्कासित और वर्षा के कारण पूरे वर्ष बना रहता है गर्मियों में भी पानी भरा रहता है पानी के ब्लॉकेज और संकरी रोड के कारण। ग्रामीण काफी परेशान हैं हालांकि ब्लॉकेज को कुछ हद तक हम सब ने मिलकर एक पानी बहाव का रास्ता बनाकर खोल दिया फिर भी रोड का स्तर काफी नीचे होने के कारण पानी काफी भरा रहता है। डोल बाजार में कई लगातार एक्सीडेंट हो चुके हैं और कई एक्सीडेंट घटनाएं घटने के बाद भी अभी तक वहां पर रोड का निर्माण नाली स्तर तक चौड़ीकरण के साथ नहीं हो पाया है और व्यापारी के साथ समस्त जनता जनार्दन काफी परेशान हैं व्यापारी अपना व्यापार सही ढंग से नही कर पा रहे हैं, मैंने ग्राम वासियों को आश्वासन दिया है कि मैं आपके मामले को माननीय विधायक सीधी संबंधित विभाग तक आप सबकी आवाज बनकर पहुंचाऊंगा। मैं अपने इस पोस्ट के माध्यम से अपने क्षेत्र की विधायक माननीया श्रीमती रीती पाठक और कलेक्टर महोदय से निवेदन करता हूं और पी. डब्लू.डी. सीधी या संबंधित विभाग से निवेदन करता हूं कि डोल बाजार की रोड को चौड़ीकरण नाली के लेवल के साथ बनाकर पानी स्थिराव की समस्या को दूर करने की कृपा करें है जिससे भविष्य में एक्सीडेंट और बीमारी से डोल बाजार की आम जनमानस के साथ समस्त जनता जनार्दन समस्या से मुक्ति पा सके।

उक्त जनसमस्या के दौरान प्रमुख रूप से उपसरपंच संतोष साहू, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, वरिष्ठ समाज सेवी अर्जुन सिंह गोंड, राजीव साहू बी.एल.ए. 2, नान्हू सिंह बूथ अध्यक्ष, पिंकू साहू महामंत्री, आशुतोष सोनी, देव पाल बैगा, फूलमती यादव, रामभान साहू, रामराज सिंह, सोनू साहू सहित समस्त जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# पंचायतों की फोटायुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2024 हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-14 में उपनियम 2 एवं नियम 9 (2) के अंतर्गत पंचायतों की फोटायुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण किये जाने हेतु अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उनके सहयोग के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा नियम 2 ख के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सीधी के लिए नीलेश कुमार शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपद बनास को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जान्हवी शुक्ला प्र. तहसीलदार गोपद बनास एवं निवेदिता त्रिपाठी प्र. नायब तहसीलदार गोपद बनास को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिहावल के लिए आर.पी. त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहावल को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा साक्षी गौतम प्र. तहसीलदार तहसील सिहावल एवं दिनेश तिवारी प्र. नायब तहसीलदार सिहावल को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के लिए शैलेश द्विवेदी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चुरहट को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा नितिन कुमार झोड तहसीलदार रामपुर नैकिन एवं सुदामा प्रसाद कोल प्र. नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद पंचायत मझौली के लिए आर.पी. त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा दशरथ सिंह प्र. तहसीलदार तहसील मझौली एवं बाल्मीक प्रसाद साकेत नायब तहसीलदार मझौली को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जनपद पंचायत कुसमी के लिए एस.पी. मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा राजेश पारस प्र. तहसीलदार कुसमी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त जनपद पंचायत हेतु अपर कलेक्टर जिला सीधी को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अधिकारिकता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सौंपे गये पंचायतों के लिये ही होगी। आवंटित ग्राम पंचायत के मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रावधानों के अनुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

# नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 01 जनवरी 2024 की स्थिति में तैयार किये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर म.प्र. नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 3(2) के अंतर्गत नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण किये जाने हेतु अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार नगरपालिका परिषद सीधी के लिए नीलेश कुमार शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपद बनास को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जान्हवी शुक्ला प्र. तहसीलदार तहसील गोपद बनास को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर जिला सीधी राजेश शाही को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद चुरहट के लिए राकेश कुमार शुक्ला प्र. तहसीलदार तहसील चुरहट को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं रामप्रताप सोनी प्र. नायब तहसीलदार तहसील चुरहट को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चुरहट को अपीलीय अधिकारी, नगर परिषद रामपुर नैकिन के लिए नितिन कुमार झोड़ तहसीलदार तहसील रामपुर नैकि को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुदामा प्रसाद साकेत प्र. नायब तहसीलदार तहसील रामपुर नैकिन को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चुरहट को अपीलीय अधिकारी एवं नगर परिषद मझौली के लिए दशरथ सिंह प्र. तहसीलदार तहसील मझौली को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बाल्मीक प्रसाद साकेत प्र. नायब तहसीलदार तहसील मझौली को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझौली को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आवंटित वार्डों से संबंधित कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा किया जावेगा। समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के नियंत्रण में कार्यों का सम्पादन करेंगे। मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं निर्देशानुसार पूर्ण किये जाने हेतु रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

# कमिश्नर एडीजीपी एवं कलेक्टर ने किया नुक्कड़ नाटक, नए कानून की दी जानकारी

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर, कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ ने आज अनूपपुर जिले के जैतहरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत छाता पटपर में ग्रामीणों को लागू हुए तीन नए कानून की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र पवार,अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री अमन वैष्णव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने भी नुक्कड़ नाटक में अभिनय कर ग्रामीणों को लागू हुए नए कानूनों के बारे में जानकारी दी।

# रथयात्रा व मोहर्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं : कलेक्टर

### शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** रथयात्रा एवं मोहर्रम त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हुए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर आने वाली समस्याओं को मौके पर ही निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि रथयात्रा व मोहर्रम के दौरान बिजली की कटौती न हो यह सुनिश्चित करें तथा शहर का भ्रमण कर नीचे लटकी हुई तारों को ठीक कर ले। उन्होंने कहा कि बिजली के तार पेड़ों से स्पर्श न करे यह भी सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि आवारा पशु नगर की सड़कों में घूमे व वाहन की पार्किंग व्यवस्था बेहतर रहें जिससे किसी भी प्रकार के वाहनो के आवागमन में असुविधा न हो। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों ने कहा कि लाउडस्पीकर का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार ही उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार कलेक्टर ने आगामी त्यौहारों के मददेनजर सभी अन्य आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के आयोजन के मददेनजर थाना प्रभारी, तहसीलदार व नगरपालिका शहडोल के मुख्य नगरपालिका अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लें व रथयात्रा के दौरान पुलिस बल उपस्थित रहे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रथयात्रा एवं मोहर्रम पर्व में निकलने वाली यात्रा समय पर निकाल ली जाएगी। गौरतलब है कि 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का आयोजन 17 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी श्री अरविंद शाह, शांति समिति के सदस्यगण, थाना प्रभारी व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थें।

# जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रगति पर

## कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने किया पौधारोपण

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के समस्त जिलों में पौधरोपण करने हेतु लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत पूरे प्रदेश में पौधरोपण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस अभियान के तहत शहडोल संभाग में भी पौधरोपण का कार्य प्रगति पर है। एक पेड़ मां के नामअभियान के तहत आज शहडोल संभाग के कृषि अभियांत्रिकी परिसर में कमिश्नर श्री बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर, कलेक्टर श्री तरुण भटनागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश संयुक्त संचालक कृषि श्री जेएस पेन्द्राम, उपसंचालक जनसंपर्क श्री जीएस मर्सकोले,उपसंचालक कृषि श्री आरपी झरिया, सहायक कृषि यंत्री श्री आर के पयासी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौध रोपण किया।

# मुख्यमंत्री द्वारा गौ संवर्धन पर उठाया गया कदम प्रशंसनीय : उदय कमल

## सरकार द्वारा गौ संवर्धन मद में 76% बढ़ोत्तरी कर, निराशा के इस दौर में गौ वंश को संजीवनी देने का प्रयास किया गया

**सीधी।** म.प्र. के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल के पहले बजट में गौ संवर्धन में 76त्न बढ़ोत्तरी करने, गौ शालाओं में रह रहे बेसहारा गौ वंश के भरण-पोषण के लिए प्रति गौ वंश 20 रुपए से बढ़ा कर 40 रुपए करने, गौ संवर्धन मद में तीन गुना बढ़ोत्तरी कर 250 करोड़ रूपए खर्च करने,गौ वंश रक्षा वर्ष मनाने एवं सहकारी समितियों को दूध बेचने पर अलग से प्रोत्साहित करने के लिए 150 करोड़ रूपए खर्च करने की घोषणा की गई है।

गौ संवर्धन पर बजट में गौ वंश के भरण-पोषण एवं अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा बजट में 76त्न अतिरिक्त राशि के आवंटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता, गौ वंश प्रेमी उदय कमल मिश्र ने कहा कि गौ वंश के संक्रमण काल के इस दौर में जब गौ वंश निजी गौ शालाओं से बाहर बेसहारा भोजन पानी आश्रय की तलाश में दर दर की ठोकरें खा कर मर रहे हैं, कुत्तों का शिकार हो रहे है, दुर्घटना में काल को ग्रसित हो रहें हैं, गौ तस्करों का शिकार हो रहे हैं, इन परिस्थितियों में म.प्र. सरकार ने बजट में गौ वंश के भरण-पोषण के लिए बजट में अतिरिक्त राशि आवंटित कर एवं गौ वंश, रक्षा वर्ष मनाने की घोषणा कर, गौ वंश के संरक्षण संवर्धन में एतिहासिक पहल कर निराशा के इस दौर में गौ वंश को संजीवनी देने का प्रयास किया गया है। जहां तक देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतन करें तो गौ वंश सबसे दयनीय स्थिति के दौर से गुजर रहा है, गौ पालकों के द्वारा गौ वंश को अपने निजी गौ शालाओं से बाहर कर देने से गौ माताओं को भीषण गर्मी, बरसात एवं ठंड में खुले में नवजात को जन्म देना पड़ता है



जिसका परिणाम यह है कि नवजात को जन्म के समय ही कुत्तों का शिकार होना पड़ता है, कुत्ते से यदि किसी तरह बच गये तो आकार में छोटे होने के कारण गौ तस्कर बड़े आसानी से तस्करी करने में सफल हो जाते हैं। जिसका परिणाम है कि गौ वंश की संख्या में दिनों दिन गिरावट आ रही है। सीधी जिले में गौ वंश की वर्तमान स्थिति पर गौर करें तो सबसे निराशाजनक है, जिले में गौ तस्करी पर लगाम नहीं लग रहा है, जिले में गौ हत्यारों के द्वारा बेधड़क गौ वंश की हत्याएं की जा रही है, जिले की किसी भी पशु चिकित्सालयों में घायल गौ वंश को रखने की कोई व्यवस्था नहीं है, पशु चिकित्सकों, कर्मचारियों के द्वारा लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ होने के कारण गौ वंश का समुचित उपचार नहीं किया जा रहा है, गत वर्ष गौ वंश लंपी, गोखुर एवं अन्य बीमारी से पीड़ित थे इन सब के बाद भी उक्त बीमारियों से बचाव के लिए जिले में टीकाकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे गौ वंश में गंभीर बीमारी की आशंका है। जिले की शासकीय गौ शालाओं में गौ वंश की स्थिति के संदर्भ में बात करें तो सबसे दयनीय है, सिर्फ पिपरोहर गौ शाला में सामर्थ के अनुसार गौ वंश का समुचित प्रबंध किया जाता है क्योंकि पिपरोहर गौ शाला के प्रबंधक भारतीय सेना से सेवा निवृत्त होकर गौ शाला का प्रबंधन कर रहे हैं लेकिन उन्हें शासन द्वारा प्राप्त होने वाली अनुदान राशि को प्राप्त करने में बहुत कठिनाई होती है, जिले की शेष सभी गौ शालाओं में गौ वंश की बहुत दयनीय स्थिति है, गौ वंश चारदीवारी में भोजन, पानी, उपचार के अभाव में तड़फ तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। शासकीय गौ शालाओं रखें गयें गौ वंश के भोजन पानी एवं उपचार के लिए आवंटित धन राशि गौ शालाओं के प्रबंधक एवं शासकीय सेवकों की मिलीभगत गौ वंश के लिए उपयोग में नहीं लाई जाती। म.प्र. में गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 प्रभावशाली है जिसमें गौ वंश की हत्या करने पर अधिकतम 7 वर्ष तक का कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है इतना ही नहीं गौ मांस रखने एवं परिवहन करने पर अधिकतम तीन वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड का भी प्रावधान होते हुए उक्त प्रावधानों का शक्ति से पालन न होने से गौ वंश की हो रही हत्याओं पर लगाम नहीं लग रहा है।

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2024/4048 सीधी दिनांक 02-07-2024

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सोलर पम्प 3 एच.पी. हैण्ड पम्प, खनन एवं स्थापना एवं सोलर फेसिंग निर्माण, सोलर पम्प मरम्मत के लिये शासकीय कार्यो हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के लिये दिनांक 10.07.2024 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2024 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 24.07.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

उप संचालक
संजय टाईगर रिर्जव, सीधी

जी-12970/24

## संपादकीय

### हाथरस के सबक

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ के कारण इतनी बड़ी संख्या में हुई श्रद्धालुओं की मौत तकलीफदेह तो है ही, हमारे तंत्र पर एक बड़ा सवाल भी है। ऐसे हादसे अपने देश के लिए नए नहीं हैं, समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसी खबरें आती रहती हैं। इन घटनाओं का दोहराव बताता है कि इनसे जरूरी सबक लेकर कारगर कदम उठाने का काम ठीक से नहीं हो रहा। जहां तक हाथरस में हुई घटना की बात है तो शुरू में इसे लापरवाही का नतीजा ही माना जा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा करने और पीड़ितों से बातचीत समेत सभी संभव स्रोतों से ब्यौरा लेने के बाद कहा है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच टीम मामले की तह तक जाकर इससे जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करेगी और इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने के साथ ही बचाव के कारगर उपाय भी सुझाएगी। जो शुरुआती तथ्य अब तक सामने आए हैं वे भी कई अहम सवाल खड़े करते हैं। मिसाल के तौर पर बकौल खुद मुख्यमंत्री, सेवादारों की भूमिका संदेह के दायरे में है। कहा जाता है कि कुछ सेवादारों ने भक्तों को धक्के दिए। इससे भगदड़ के हालात बने। कुछ हलकों में भक्तों पर पानी छोड़ने की बात कही जा रही है जिससे कीचड़ बनी और कई महिलाएं उसमें गिरीं। प्रशासन के स्तर पर पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी हैं। निश्चित रूप से प्रशासनिक व्यवस्था की कमियां दूर करने, एसओपी तैयार करने और उस पर अमल सुनिश्चित करने का काम तत्काल प्रभाव से शुरू होना चाहिए, लेकिन जिन वजहों से और जितनी बड़ी संख्या में लोग इस सत्संग के लिए इकट्ठा हो गए, उन्हें भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मसलन, सत्संग के लिए आए कुछ लोगों ने बताया कि वे यह देखने आए थे कि ये बाबा इंसान हैं या भगवान। किन-किन तरीकों से ऐसे बाबाओं का समाज में क्रेज बनाया जाता है, उसे समझना भी समस्या को हल करने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। भारत जैसे देश में आस्था की बड़ी जगह है।

# क्या आपसी भिड़ंत से आगे भी बढ़ेगी संसद

**लंबे अरसे से लोकसभा में डेप्युटी स्पीकर पद विपक्ष को देने की भी परंपरा रही। 16वीं लोकसभा में भाजपा ने यह पद अपने मित्र दल एआईएडीएमके को दिया तो 17वीं लोकसभा में यह संवैधानिक पद खाली ही रह गया। इस बार भाजपा ने ओम बिड़ला को ही स्पीकर बनाना पसंद किया है। डेप्युटी स्पीकर पद पर अभी तक खामोशी है। विपक्ष ने साफ कहा है कि अगर उसे परंपरा के अनुरूप डेप्युटी स्पीकर पद नहीं मिला तो वह अयोध्या से जीते अवधेश प्रसाद को उम्मीदवार बनाएगा।**

(राज कुमार सिंह)

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर से साफ है कि चुनाव के एक महीने बाद भी दोनों पक्ष चुनावी मानसिकता से नहीं उबर पाए हैं। अन्य वक्ता भी इस सोच से मुक्त नहीं दिखे। पिछली दो लोकसभाओं में सत्ता पक्ष का जबरदस्त बहुमत था। 2014 में 16वीं लोकसभा में भाजपा ने तीन दशक लंबे अंतराल के बाद अकेले दम बहुमत हासिल कर सबको चौंका दिया था। वहीं, 17वीं लोकसभा में उसकी सीटें बढ़कर 303 हो गईं। फिर भी उसने एनडीए सरकार बनाकर दूरदर्शिता का परिचय दिया। लेकिन, दोनों ही लोकसभाओं में नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति से सत्तापक्ष और विपक्ष के रिश्तों में खटास का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### डेप्युटी स्पीकर पर तकरार

लंबे अरसे से लोकसभा में डेप्युटी स्पीकर पद विपक्ष को देने की भी परंपरा रही। 16वीं लोकसभा में भाजपा ने यह पद अपने मित्र दल एआईएडीएमके को दिया तो 17वीं लोकसभा में यह संवैधानिक पद खाली ही रह गया। इस बार भाजपा ने ओम बिड़ला को ही स्पीकर बनाना पसंद किया है। डेप्युटी स्पीकर पद पर अभी तक खामोशी है। विपक्ष ने साफ कहा है कि अगर उसे परंपरा के अनुरूप डेप्युटी स्पीकर पद नहीं मिला तो वह अयोध्या से जीते अवधेश प्रसाद को उम्मीदवार बनाएगा।

### चुनावी तैयारी

चुनाव परिणामों से हार-जीत का फैसला हो जाने के बाद भी सत्तापक्ष और विपक्ष परस्पर शक्ति परीक्षण का कोई मौका चूकते नहीं दिख रहे। नई लोकसभा का पहला सत्र इसका प्रमाण रहा। पहले तो नीट में हुए कथित घोटाले पर चर्चा को लेकर लोकसभा में हंगामा हुआ। बाद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो देश-समाज के ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर विमर्श के बजाय एक-दूसरे पर राजनीतिक निशाने साधे गए। ऐसा लगा कि दोनों पक्ष चुनाव प्रचार की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं या फिर इसी साल अक्तूबर में होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड तथा अगले साल फरवरी में होने वाले



दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गए हैं।

### जनादेश की अवहेलना

लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर लगभग 18 घंटे की चर्चा देश-समाज के सरोकारों से परे दोनों पक्षों के राजनीतिक निहितार्थों पर केंद्रित रही, जो संसदीय लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं। चार जून को आए लोकसभा चुनाव परिणाम किसी भी पक्ष की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे। ज्यादातर राजनीतिक प्रेक्षकों का आकलन रहा कि जनता ने सत्तापक्ष को नियंत्रण में लाते हुए और विपक्ष को ताकत देते हुए परस्पर समन्वय से संसद और सरकार चलाने का जनादेश दिया है। लेकिन, संसद में आचरण-व्यवहार से नहीं लगता कि दोनों में से कोई भी पक्ष ऐसा करने के मूड में है।

### मुद्दों पर चर्चा

नई लोकसभा के पहले ही सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के प्रति उपेक्षापूर्ण और असम्मानजनक व्यवहार दिखाया है। इससे आशंकाएं गहराने लगी हैं कि संसद कहीं और पांच साल दलों और नेताओं की कटुता और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की बंधक तो नहीं बनी रहेगी? राष्ट्रपति का अभिभाषण केंद्र सरकार तैयार करती है। स्वाभाविक ही उसमें सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का गुणगान होता है, पर दलों और उनके सांसदों से अपेक्षा की जा सकती है कि वे उस पर चर्चा करते हुए भी देश-समाज के समक्ष मौजूद ज्वलंत मुद्दों से मुंह न चुराएं।

### तल्ख भाषा क्यों

दो लोकसभाओं के बाद इस बार राहुल गांधी के रूप में सदन को नेता प्रतिपक्ष मिला। धन्यवाद प्रस्ताव पर एक जुलाई को उनके डेढ़ घंटे से भी लंबे भाषण की चर्चा भी बहुत है। राहुल की राजनीतिक समझ, भाषण शैली और आत्मविश्वास में सुधार दिखता है। उन्होंने साल भर से भी ज्यादा समय से जातीय हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर से लेकर 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़े नीट समेत जनहित के कई मुद्दे भी उठाए। लेकिन, क्या उसके लिए पीएम मोदी और भाजपापर तल्ख भाषा और चुनाव प्रचार की शैली में हमले करना जरूरी था? हिंदू होने, न होने का प्रमाणपत्र बांटने के लिए तो संसद नहीं है।

### कटाक्ष किसलिए

पीएम मोदी और उनके पांच मंत्रियों ने जिस तरह राहुल के भाषण के बीच हस्तक्षेप किया, वह भी अवांछित था। अपनी बारी आने पर हर सवाल का विस्तार से जवाब दिया जा सकता था। सदन के नेता के रूप में पीएम मोदी ने दो जुलाई को चर्चा का लगभग ढाई घंटे लंबा उत्तर दिया। लेकिन, सवालों के जवाब देने के बजाय 'बालक बुद्धि' से जुड़े किस्से-कहानियों के जरिये, नाम लिए बिना ही नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करना उनके अजेंडे में सबसे ऊपर रहा।

### गरिमा की चिंता नहीं

बेशक प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष की लगातार नारेबाजी संसदीय मर्यादा के प्रतिकूल है, लेकिन नई लोकसभा के पहले सत्र में मर्यादा-गरिमा की परवाह करता कौन दिखा? प्रधानमंत्री ने ही अपने भाषण के दौरान सदन को हाथरस की भगदड़ में अनेक लोगों की मौत की दुखद सूचना दी, पर लोकसभा ने उस पर संवेदना व्यक्त करने के बजाय विपक्ष के व्यवहार की निंदा का प्रस्ताव पारित करना ज्यादा जरूरी समझा। सात दिन चला लोकसभा का पहला सत्र संसदीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# हाथरस हादसे में मौतों की जवाबदेही तय हो

**उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दुःखद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है।**

(ललित गर्ग)

हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफ़ेद कोट-पेंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नही है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था।

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दुःखद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है, जबकि सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले बाबा को हिंदू धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह हादसा अनेक सवालों को खड़ा करता है, बड़ा सवाल है कि ऐसे बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी क्यों होती है? सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? क्या आयोजन-स्थल पर निकास द्वार, पानी, हवा, वैकल्पित चिकित्सा एवं चिकित्सक, गर्मी से बचने के पुख्ता इंजताम जरूरी नहीं थे? जवाबदेही तय हो भगदड़ में गयी जानों की। जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी जमकर होगी, राजनीतिक दल एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर राजनीति भी करेंगे। यह तय है कि ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है।

हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफ़ेद कोट-पेंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नही है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था। इस बाबा को कितने वेद पुराण का ज्ञान है? यह किस परंपरा से है? इसके गुरु कौन हैं? ऐसे अनेक प्रश्न है जो बाबा को शक एवं संदेह के घेरे में लेते हैं। इन्हें हिन्दू बाबा कैसे कहा जा सकता है? हिंदू धर्म में ऐसा कहां होता है? यह बाबा पहले पुलिस सेवा में थे और जिनका मैनपुरी में भव्य एवं महलनुमा आश्रम है। घटना के बाद बाबा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। भारत में भोली-भाली जनता को ठगने एवं गुमराह करने वाले ऐसे पाखण्डी बाबाओं की बाढ़ आई हुई है। इस तरह की घटनाएं केवल जनहानि का कारण ही नहीं बनतीं, बल्कि देश एवं धर्म की बदनामी भी कराती हैं। इन घटनाओं पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी।

हाथरस की घटना कितनी अधिक गंभीर एवं चिन्ताजनक हैं, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में अपने संबोधन के बीच इस हादसे की जानकारी दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में इस घटना को लेकर दुःख जताया जा रहा है। यह तय है कि हाथरस में इतनी अधिक संख्या में लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदनाओं का तांता लगेगा, लेकिन क्या ऐसे हादसों को नियंत्रित करने वाले ऐसे कोई उपाय भी सुनिश्चित कर सकेंगे, जिससे भविष्य में देश को शर्मिंदा करने वाली ऐसी घटना न हो सके? प्रश्न यह भी है कि आखिर धार्मिक आयोजनों में धर्म-कर्म का उपदेश देने वाले लोगों को संयम और अनुशासन की सीख क्यों नहीं दे पाते? कब तक ऐसे आयोजन धन कमाने के माध्यम बनते रहेंगे, जब जब धर्म का ऐसे पाखण्ड एवं पाखण्डियों से गठबंधन हुआ है, तब तक धर्म अपने विशुद्ध स्थान से खिसका है। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कई बार ऐसे आयोजनों में भगदड़ का कारण लोगों का असंयमित व्यवहार भी बनता है। ऐसा लगता है कि अपने देश में धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में कोई इसकी परवाह नहीं करता कि यदि भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई तो उसे कैसे संभाला जाएगा? क्या इसलिए कि प्रायः मारे जाने वाले लोग निर्धन एवं गरीब वर्ग के होते हैं?

एक डरावनी एवं संवेदनहीन हकीकत है कि हम ऐसे धर्म एवं धार्मिकता से जुड़े पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। खाटू श्याम में भी भीड़ में दब कर 4 लोगों की मौत हुई। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दौ से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। हाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल से जुड़ा हादसा मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में हुआ, जहां हज यात्रियों पर गर्मी का सितम इस कदर कहर बना कि 900 से ज्यादा मौतें हुईं, जिनमें 90 भारतीय ने भी जाने गंवाई।

विडम्बना है कि इन बड़े-बड़े हादसों से न तो जनता कुछ सीख लेती और न ही प्रशासन। यह हैरानी की बात है कि किसी ने यह देखने-समझने की कोई कोशिश नहीं की कि भारी भीड़ को संभालने की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इस आयोजन की अनुमति देने वाले अधिकारियों ने भी कागजी खानापूर्तित करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली।

## वर्ग पहेली 5422

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | |
| | | 9 | 10 | | | 11 | |
| 12 | 13 | | | | 14 | | |
| | | | | | 15 | | |
| 16 | | | 17 | 18 | | | |
| 19 | 20 | | | 21 | | | 22 |
| | | | 24 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस 20 अगस्त 1944 है (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. यत्र का अपभ्रंश (3)
8. इस्लामी नवां महीना जिसमें मुस्लिम दिन भर रोजा रखते है (4)
9. अवाम, पब्लिक, सर्वसाधारण (3)
11. नया, नवीन, नूतन (2)
12. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत (3)
17. काव्यमर्मज्ञ, रसपान रकने वाला (3)
19. समेत, संग-संग, समाविष्ठ, संयुक्त (3)
21. गंधा बिरोजा, पायस, लक्ष्मीवेस्ट (4)
23. दार्शनिक प्रणाली, वोट, राय (2)
24. पानी के साथ निचोड़ना या घिसना, गलाना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. शासकीय, राज्यीय (4)
2. फतह, विजय, यह फिल्म करीना कपूर की अभिनेत्री मां की अंतिम फिल्म थी 1972)(2)
3. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
4. धैर्य, धीरज, ढ़ाढस (3)
5. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
6. दानवों के गुरू होने के कारण शुक्राचार्य को य हभ्ज्ञी कहते थे (5)
10. नव या नया अभ्युदल काल, आरंभिक बढ़ती का समय (4)
13. हानि, नुकसान, हर्जाना (2)
14. प्रार्थना करना (5)
16. भारत के इस राज्य का प्राचीन नाम प्राग ज्योतिषपुर था (3)
18. रविशंकर नाम इस वाद्य के साथ जुडा है (3)
20. भलाई, उपकार, कल्याण (2)
22. कोई तमाशा, करतब आदि दिखाकर आजीविका चलाने वाला, डिबरी, बाजीगर (2)

**वर्ग पहेली 5421 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ | गा | नि | स्ता | न | | खा |
| म | ल | ना | | व | र | दा | ता |
| ज | न | | र | क | म | | |
| द | | त | म | | पं | च | म |
| अ | क | रा | | सा | थी | | ह |
| ली | ल | ना | | र | | त | त्व |
| खां | | | | ना | या | ब | |
| | | श | प | थ | | ला | भ |

# हर चार में तीन भारतीयों का फोन चीनी

(श्रुति श्रीवास्तव)

भारतीय मोबाइल फोन बाजार में चाइनीज ब्रांड्स का कब्जा है। कम और मध्यम बजट के होने की वजह से भारत के लगभग 75 प्रतिशत मोबाइल मार्केट में चाइनीज फोन की धूम है। मिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, कई प्रमुख चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो, ओप्पो और शाओमी भारत में अपने प्रोडक्ट्स की मैन्यूफैक्चरिंग और डिस्ट्रिब्यूशन के लिए भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करने के लिए चर्चा कर रहे हैं। इससे पहले भी चाइनीज कंपनियों ने भारतीय कंपनियों के साथ जॉइंट वेंचर स्थापित करने के प्रयास किए थे, जो सफल नहीं हो सका था।

भारत सरकार अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विदेशी कंपनियों को स्थानीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने के लिए प्रेरित कर रही है। हालाँकि, प्रमुख भारतीय कंपनियां अपने खुद के मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करना पसंद करते हैं।

मिंट के मुताबिक, चीनी कंपनियां टाटा ग्रुप, रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे बड़े इंडियन ग्रुप्स के साथ बातचीत कर रही हैं। हालाँकि,जांच और चीनी ब्रांडों से जुड़े कानूनी मुद्दों के कारण ये चर्चाएं आगे नहीं बढ़ी हैं। उदाहरण के लिए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संदिग्ध मनी लॉन्ड्रिंग के लिए वीवो की जांच कर रहा है, और सरकार का आरोप है कि वीवो, ओप्पो और शाओमी ने वित्त वर्ष 2019 और वित्त वर्ष 23 के बीच कस्टम और जीएसटी भुगतान सहित कुल 9,000 करोड़ रुपये के टैक्स की चोरी की है।

**चीनी ब्रांडों का मार्केट शेयर 75 प्रतिशत–** काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मार्च 2024 तक भारत के स्मार्टफोन बाजार में एक्समी, ओप्पो, वीवो और रियलमी का सामूहिक रूप से 58 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि मई 2024 तक चीनी ब्रांडों का मार्केट शेयर 75 प्रतिशत था। वहीं, इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर के हालिया आंकड़ों से पता चला है कि भारतीय स्मार्टफोन बाजार में प्रमुखता से छाए रहने के बावजूद, चीनी फोन निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 2.8 प्रतिशत की गिरावट आई है। जनवरी-मार्च क्वार्टर 2024 में भारतीय बाजार में फोन ब्रांड्स की हिस्सेदारी रही।

**चाइनीज फोन और इंडियन मार्केट–** सीमा पर तनाव और जासूसी के आरोपों के बीच कई बार यह मांग उठती रही है कि चाइनीज प्रोडक्ट्स को भारतीय बाजार में बैन कर दिया जाए। हालांकि, यह डिमांड प्रैक्टिकल नहीं है। भारत के निचले और मध्यम वर्ग तबके के बीच सस्ते और लेटेस्ट फीचर्स वाले चाइनीज मोबाइल फोन की जबरदस्त मांग है। चीनी ब्रांडों के बिना भारत के स्मार्टफोन बाजार में लेटेस्ट और सस्ते मोबाइल फोन की कमी हो जाएगी जो भारतीय उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा पसंद हैं।

**कम बजट फोन में चीनी ब्रांड्स का दबदबा–** चीनी स्मार्टफोन निर्माता भारतीय बाजार पर हावी हैं और कुल स्मार्टफोन शिपमेंट के 69 प्रतिशत से अधिक पर उनका कब्जा है। यह दबदबा किफायती फोन (25,000 रुपये से कम) में और भी ज्यादा है, जहां उनका मार्केट शेयर लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। कम बजट में 5जी और 4जी फोन के साथ चीनी फोन भारतीयों के लिए स्मार्टफोन सुलभ बनाने में सहायक रहे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में चुनौतियां बढ़ सकती हैं। सांयकाल के समय कोई रूका काम बनने की संभावना है। शाम को रूका हुआ काम बनने से आपको राहत महसूस होगी। बिजनेस में आपको नई डील मिल सकती है।

### वृषभ

आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नये अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठ में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### तुला

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

### वृश्चिक

कार्यक्षेत्र में आपको चुनौती का सामना करना पड़ेगा। खासकर बिजनेस में किसी पार्टी से बात बिगड़ सकती है। सेहत का असर आपके काम पर पड़ सकता है। बिजनेस के मामले में धैर्य बनाकर रखें।

### मिथुन

आज नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांयकाल में कोई रूका कार्य पूरा होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### कर्क

आज भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

### धनु

आज विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सांयकाल से लेकर रात्रि तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### मकर

आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

### सिंह

आज आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

### कन्या

आज आपका राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### कुंभ

आज स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। आपको किसी कार्यों में ही हानि और निराशा हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें और झगड़े और विवाद से बचें।

### मीन

आज दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। बृहस्पति का त्रिकोण योग मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्री राशन : ई-पॉस से लैस कोटे की दुकानों की योगी सरकार अब करेगी रेगुलर मॉनिटरिंग



लखनउ, एजेंसी। ई-पॉस से लैस राशन की दुकानों की होगी नियमित निगरानी होगी। योगी सरकार प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों की रोलआउट प्रक्रिया में तेजी लाने जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने यूपीडेस्को को इसकी मॉनीटरिंग के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस डिवाइसेस के इंस्टॉलेशन और ऑटोमेशन के बाद इनकी रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए एक विशिष्ट सॉफ्टवेयर को भी डेवलप किया जाएगा। इस रेगुलर मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करने के लिए पॉस एप्लिकेशन के विकास के साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के लिए प्रॉपर फ्रेमवर्क और ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। प्रदेश में 79,500 राशन दुकानें हैं। इनके जरिए 3.59 करोड़ परिवारों को राशन मिलता है। लगभग 80 लाख क्विंटल खाद्य सामग्रियां इन राशन की दुकानों के जरिए प्रति माह राशन कार्ड धारक लाभार्थियों तक पहुंचती हैं। ई-पॉस मशीनों के इंस्टॉलेशन और ऑटोमेशन के साथ ही सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की प्रक्रिया को दो फेज में पूरा किया जाएगा। फेज वन में राज्य के सभी ईडब्ल्यूएस युक्त ई-पॉस उपकरणों के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी। इसके बाद दूसरे फेज में राशन की दुकानों के ई-पॉस उपकरणों के स्वचालन के लिए परियोजना प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस पहल की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सभी राशन की दुकानों में सिस्टम इंटीग्रेटर की एसएलए निगरानी और रिपोर्टिंग को सुनिश्चित किया जाएगा।

### जगदलपुर में पहली ही बारिश में ढह गई स्कूल की दीवार, कई बच्चे घायल



जगदलपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है, जहां स्कूल भवन मानसून की पहली ही बारिश में ढह गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद कई बच्चे घायल हो गए हैं। वहीं कई बच्चों को चोटें आई है। जिन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक घायल और चोटिल बच्चों की स्थिति को स्थिर बताया जा रहा है। पूरी घटना जगदलपुर के छोटे गुडरा का बताया जा है। पहली बरसात के पानी में स्कूल भवन ढह गया। इससे स्कूल में मौजूद बच्चों को चोटें आई है। कई बच्चे घायल भी हुए हैं। गांव का प्राथमिक शाला का भवन बरसात का पहला पानी ही झेल नहीं पाया और ढह गया। बताया जा रहा है कि प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा था, इस दौरान स्कूल ही ढह गया। इस घटना के दौरान स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रवेश उत्सव में ग्रामीण लोग भी शामिल हुए थे। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को स्कूल से बाहर निकल गया उसके बाद अस्पताल पहुंचाया गया।

### अमरनाथ यात्रा : छह दिन में 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये



जम्मू, एजेंसी। कश्मीर में अमरनाथ मंदिर में पिछले छह दिनों में 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। वहीं 6 हजार 919 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया, आज 6,919 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्रा निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 2542 तीर्थयात्री सुबह 4 बजे 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं 4,377 यात्रियों को लेकर 150 वाहनों का एक और सुरक्षा काफिला सुबह 4.30 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और दिन में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

# राहुल गांधी से मिलने के बाद अग्निवीर के पिता ने बदला था बयान, अब रखी नई डिमांड, बोले- मिले हैं 98 लाख

नई दिल्ली, एजेंसी। अग्निवीर अजय कुमार के पिता ने अब मान लिया है कि उन्हें कंपनसेशन के रूप में 98 लाख रुपए मिल चुके हैं। एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में अजय के पिता ने कहा था कि उन्हें केंद्र सरकार या भारतीय सेना से कुछ भी नहीं मिला है। बुधवार को कांग्रेस सांसद और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में राहुल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को 98 लाख रुपए दिए जाने की झूठी बात कही। हालांकि अजय के पिता ने एक नई मांग भी रख दी है। उन्होंने कहा कि पैसा कोई मुद्दा नहीं है। हम अपने बेटे के लिए शहीद का दर्जा चाहते हैं। उसने देश के लिए खुद को कुर्बान कर दिया, लेकिन उसे शहीद का दर्जा तक नहीं मिला। इसके अलावा हमें भी शहीद के परिवार को मिलने वाली कोई सुविधा मिली।

**पिता ने कही यह बात :** सोशल मीडिया पर आए वीडियो में दिखाया गया है कि राहुल गांधी को अजय कुमार के परिवार से मिलने पहुंचे हैं। इसमें परिवार दावा कर रहा है कि उन्हें केंद्र सरकार से कोई भी पैसा नहीं मिला है। वीडियो में आगे अजय कुमार के पिता चरणजीत सिंह कहते हैं कि राजनाथ सिंह ने हमें एक करोड़ रुपए मिलने की बात कही है। हमें अभी तक कोई पैसा नहीं मिला है। राहुल गांधी हमारी आवाज को सदन में उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवार को पूरी मदद मिलनी चाहिए और अग्निपथ योजना को बंद किया जाना चाहिए। वहीं, इंडिया टुडे टीवी के मुताबिक चरणजीत सिंह ने आर्मी से मुआवजे के तौर पर 98 लाख रुपए मिलने की बात कही है। चरणजीत सिंह ने कहा कि पहले हमें इंश्योरेंस के 50 लाख रुपए मिले। बाद में आर्मी ने 48 लाख रुपए दिए। इस तरह अभी तक हमें 98 लाख रुपए मिल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने बाकी के 67 लाख रुपए भी जल्द मिलने की उम्मीद जताई है।





**भारतीय सेना का बयान :** चरणजीत सिंह का बयान उस वक्त आया है जब भारतीय सेना ने अजय कुमार के परिवार के दावे पर बयान जारी किया है। सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट्स में दावा किया गया है कि अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया है। बयान में आगे बताया गया है कि फर्ज निभाते हुए जान देने वाले अजय कुमार के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपए का कंपनसेशन दिया जा चुका है। आर्मी के मुताबिक अग्निवीर योजना के मुताबिक मिलने वाली 67 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी जल्द ही दे दी जाएगी। बताया गया है कि इसके लिए पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है। सेना ने बताया कि इस तरह अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को कुल 1.65 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होगी। वहीं, अजय की बड़ी बहन, बक्शो देवी ने कहा कि एक करोड़ से हमारा भाई वापस नहीं आ जाएगा।

### किसान सम्मान निधि की राशि 12 हजार करेगी मोदी सरकार?

नईदिल्ली, एजेंसी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आम बजट को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुषांगिक संगठनों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने अपनी मांगें रखी हैं। भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ से लेकर स्वदेशी जागरण मंच ने अपने मुद्दों को बजट में शामिल करने की मांग को दोहराया है। किसान संघ ने किसान सम्मान निधि को 10 से 12 हजार रुपये सालाना किए जाने की मांग रखी है। किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्री नारायण चौधरी ने बताया है कि उन्होंने 12 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें सम्मान निधि बढ़ाना भी शामिल है। कहा कि केंद्र सरकार ने 2018-19 में सम्मान राशि शुरू की। तब से खेती की लागत और महंगाई बढ़ी है। खेती से जुड़ी तमाम चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसलिए सम्मान निधि बढ़ाई जानी चाहिए। मौजूदा समय के हिसाब से यह राशि 12 हजार रुपये किए जाने की जरूरत है। साथ ही पीएम कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा की भी मांग की है। नदियों को जोड़ने के लिए अधिक धन आवंटित करने को कहा गया है। राज्यों व केंद्र की सरकार किसानों के नाम पर कंपनियों को भारी सब्सिडी प्रदान करती हैं पर उसका सीधा लाभ किसानों को नहीं मिलता। क्योंकि सब्सिडी एक तरह से कंपनियों के माध्यम से प्रदान होती है। मांग की गई है कि उर्वरक समेत अन्य तरह की सब्सिडी सीधे डीबीटी के माध्यम से किसानों को मिले।

## चंद्रबाबू नायडू थमा गए पीएम मोदी को लंबी डिमांड लिस्ट, गडकरी समेत मंत्रियों पर भी बनाया दबाव



नईदिल्ली, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू दो दिनों के दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी से 20 मिनट की मुलाकात की। मीटिंग का वक्त भले ही कम था, लेकिन चंद्रबाबू नायडू की डिमांड लिस्ट बहुत लंबी थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के सामने मांग रखी कि आंध्र प्रदेश के लिए अलग से बजट आवंटित किया जाए। इसके अलावा अलग-अलग मंत्रालय भी अपनी परियोजनाओं में आंध्र प्रदेश को प्राथमिकता दें। इसी के तहत उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्रियों से मुलाकात की। केंद्र की एनडीए सरकार में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले चंद्रबाबू नायडू इस बात का अहसास है कि आंध्र को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता। ऐसे में उनकी मांग स्पेशल पैकेज पर आ गई है। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पीएम मोदी से आंध्र पर 13 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का मुद्दा उठाया। नायडू ने कहा कि ऐसी स्थिति पहले की जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौर में बनी, जबकि राज्य में कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार नहीं हुआ है। नायडू ने इस मीटिंग में लंबी डिमांड लिस्ट रखते हुए कहा कि पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए भी मोदी सरकार रुके हुए फंड को जारी करे। उनकी एक बड़ी मांग यह भी थी कि अमरावती को राजधानी के तौर पर तैयार करना है। उसके लिए फंड की कमी है। इसलिए मोदी सरकार की ओर से यदि मदद मिल जाए तो यह काम तेजी से पूरा हो सकेगा। इसके अलावा राज्य में सड़कों, बांध, पुलों, सिंचाई परियोजनाओं के तेजी से विकास के लिए उन्होंने अलग से पैकेज की मांग की है।

## 130 की रफ्तार, पुश-पुल तकनीक, 165 नई अमृत भारत ट्रेनें चलाने की तैयारी में रेलवे

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार पुश-पुल तकनीक की 165 अमृत भारत ट्रेन चलाने जा रही है। इनमें स्लीपर व जनरल कोच होंगे। मेल-एक्सप्रेस ट्रेन में भी भारी संख्या में स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच लगाने की तैयारी है। रेलवे बोर्ड ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 में लगभग 10,000 स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच उत्पादन योजना को मंजूरी दे दी है। 2024-25 में 4485 जनरल कोच व स्लीपर कोच का उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जबकि अगले वित्तीय वर्ष में इसकी संख्या बढ़ाकर 5,444 की गई है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में अमृत भारत के 1181 जनरल व स्लीपर कोचों का उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा 55 अमृत भारत पेंट्रीकार बनाई जाएंगी। 2025-26 में नॉन एसी कोच की संख्या 2362 होगी और 110 पेंट्रीकार बनाई जाएंगी। शेष नॉन एसी कोचों को 3500 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाया जाएगा। जिन ट्रेन में दो कोच हैं उनकी संख्या चार की जाएगी। भारतीय रेल में अमृत भारत नई श्रेणी व तकनीक की ट्रेन है। अमृत भारत ट्रेन में सिर्फ जनरल-स्लीपर श्रेणी के नए डिजाइन के नॉन एसी कोच होंगे। इसकी विशेषता यह होगी कि अमृत भारत को पुश-पुल तकनीक से अधिकतम 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाया जाएगा।

# भारत में बनेंगी रूसी टैंकों के लिए कवच-भेदी गोलियां

नईदिल्ली, एजेंसी। रूस की रोस्टेक कंपनी ने कहा है कि वह भारत में कवच-भेदी गोलियां बनाएगी. भारत के पीएम मोदी की रूस यात्रा से पहले यह घोषणा की गई है. रूस की सरकारी रक्षा कंपनी रोस्टेक कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को बताया कि उसकी हथियार निर्यात इकाई भारत में रूसी-निर्मित युद्धक टैंकों के लिए कवच-भेदी गोलियों का उत्पादन करेगी. रोस्टेक का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8-9 जुलाई को होने वाली रूस यात्रा से पहले आया है, जहां वे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे. रोस्टेक ने कहा कि भारत में बनने वाले मैंगो प्रोजेक्टाइल टी-72 और टी-90 टैंकों की बंदूकों से दागे जाएंगे, जिनका इस्तेमाल भारतीय थल सेना करती है. रोस्टेक के बयान में कहा गया, ये गोलियां आधुनिक टैंकों को हिट करने में सक्षम हैं, जो अतिरिक्त सुरक्षा से लैस होते हैं. इन लड़ाकू वाहनों के विभिन्न प्रकार भारत में इस्तेमाल हो रहे हैं भारत में ज्यादा उत्पादन की योजना रोस्टेक ने यह भी बताया कि भारत में स्थानीय स्तर पर ही बारूद के उत्पादन की योजना बनाई जा रही है, जो भारत सरकार की विदेशी उत्पादों के स्थानीय उत्पादन की पहल का हिस्सा है.

रूस सरकार ने हाल ही में एलान किया था कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस का दौरा करेंगे. यूक्रेन में रूसी सैन्य आक्रमण के बाद मोदी की रूस की पहली यात्रा होगी. यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत और रूस के संबंधों में बेहतरी आई है. यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा लेकिन भारत ने इसके बावजूद रूस से साज ओ सामान खरीदना जारी रखा और तेल की खरीद को पहले से भी बढ़ा दिया. भारत और रूस के बीच रक्षा कारोबार बीते पांच साल में बेहद मजबूत हुआ है. रूस ने भारत को बीते पांच सालों में



13 अरब डॉलर के हथियार बेचे हैं. भारत रूसी हथियारों का दुनिया का सबसे बड़ा खरीदार है. मॉस्को के पास जो हथियारों के ऑर्डर हैं उनमें 20 फीसदी अकेले भारत के ऑर्डर हैं. अगले हफ्ते रूस जाएंगे मोदी क्रेमलिन ने अपने बयान में कहा कि मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पारंपरिक दोस्ताना रूसी-भारतीय संबंधों को और मजबूत करने की संभावनाओं के अलावा अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे पश्चिम में अलग-थलग पड़े रूस के लिए वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, भारत के प्रधानमंत्री मोदी को एक महत्वपूर्ण संभावित कूटनीतिक और आर्थिक सहयोगी के रूप में देखते हैं. हालांकि, यूक्रेन संघर्ष ने दोनों देशों के संबंधों को जटिल बना दिया है. सितंबर 2022 में उज्बेकिस्तान में एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन और मोदी की बैठक में, रूसी राष्ट्रपति ने मोदी से कहा था कि वह समझते हैं कि मोदी की यूक्रेन युद्ध को लेकर चिंताएं हैं और वे चाहते हैं कि यह जल्द से जल्द समाप्त हो नरेंद्र मोदी कई बार अपील कर चुके हैं कि युद्ध समाप्त होना चाहिए और दोनों पक्षों को बातचीत से अपने विवाद सुलझाने चाहिए. हालांकि पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद उन्होंने रूस की आलोचना नहीं की है और संयुक्त राष्ट्र में भी रूस के खिलाफ मतदान में हिस्सा नहीं लिया. इस साल की शुरुआत में, भारत ने रूस से अपने उन नागरिकों को रिहा करने का दबाव बनाया था जिन्हें रूसी सेना के साथ सहायता कार्य के लिए भर्ती किया गया. लेकिन ऐसी रिपोर्टें आई थीं कि कुछ लोग रूसी सीमांत शहरों में फंसे थे और उन्हें यूक्रेन में लड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा था.

# आगरा एयरफोर्स स्टेशन में अग्निवीर ने गोली मारकर खुदकुशी की

आगरा, एजेंसी। आरिसर टेक्नीकर्स एरिया (शाहगंज) में मंगलवार की रात डेढ़ बजे अग्निवीर जवान श्रीकांत कुमार चौधरी (22) ने सरकारी इंसास से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। श्रीकांत मूलतः नारायणपुर, बलिया के निवासी थे। डेढ़ साल पहले अग्निवीर योजना के तहत संतरी पद पर भर्ती हुए थे। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है। घटना रात करीब डेढ़ बजे की है। इंस्पेक्टर शाहगंज अमित कुमार मान ने बताया कि जवान ने माथे के बीच में खुद को गोली मारी है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उनके जीजा और रिश्तेदार शव लेकर चले गए। परिजनों ने इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं की है। वे तहरीर देंगे तो पुलिस अपने स्तर से जांच करेगी।

**एयरफोर्स जवान का पार्थिव शरीर लेने आगरा आए भाई :** आगरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान मंगलवार की रात संदिग्ध हाल में गोली लगने से एयरफोर्स के जवान श्रीकांत की मौत हो गई थी। बड़े भाई सिद्धांत बुधवार को आगरा पहुंच गए। जवान का पार्थिव शरीर गुरुवार की सुबह गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। कुछ देर तक दरवाजे पर अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव शरीर को गंगा नदी के हुकुमछपरा छपरा घाट ले जाया गया। वहां एयरफोर्स के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद जवान का अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े भाई सिद्धांत ने दी। रेवती थाना क्षेत्र के पचरुखिया नई बस्ती (नारायणपुर) निवासी श्रीकांत वर्ष 2022 में एयरफोर्स में अग्निवीर भर्ती के तहत संतरी के पद पर शामिल हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग आगरा के एयरफोर्स स्टेशन पर थी। मंगलवार की रात साथ के जवानों ने घरवालों को फोन कर श्रीकांत के मौत की खबर दी। इसके बाद चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले श्रीकांत के बड़े भाई सिद्धांत बुधवार को आगरा पहुंच गये। इधर, जानकारी होने के बाद से ही गांव-घर में मातम पसरा था। पिता मनजी चौधरी भी कोलकाता से गांव पहुंच गये थे। पोस्टमार्टम आदि के बाद शव लेकर आगरा से निकले सिद्धांत गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे गांव पहुंचे। जवान का शव आते ही उनके दरवाजे पर लोगों की भीड़ जुट गयी। वहां बिहार के बिहटा से पहुंचे एयरफोर्स के 45 जवानों की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। श्रीकांत चौधरी के घरवालों ने मौत के सही कारणों की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने बताने से परहेज कर दिया। गुरुवार को शव के साथ एयरफोर्स के कारपोरल बी. सिंह से भी घरवालों ने मौत की वजह पूछी। हालांकि उन्होंने केवल इतना कहा कि गोली लगने से मौत हुई है। कहा कि घटना की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है। इंस्पेक्टर शाहगंज अमित कुमार मान ने बताया कि पुलिस ने एयरफोर्स कर्मियों के सहयोग से जवान को हॉस्पिटल भेजा। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि ड्यूटी के दौरान 22 वर्षीय श्रीकांत कुमार चौधरी पुत्र मनजी के पास सरकारी इंसास राइफल थी। जवान ने राइफल से आईब्रो के बीच गोली मारी जोकि सिर के ऊपरी हिस्से से पार निकल गई। इंसास राइफल को आवश्यक कार्रवाई के लिए आगरा स्थित फोरेंसिक लैब में भेजा गया है।

## हाथरस वाला बाबा तो धनकुबेर निकला, 100 करोड़ की संपत्ति, लग्जरी कारों का है शौक

हाथरस, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के हाथरस कांड वाले सूरज पाल उर्फ भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि को लेकर एक और खुलासा हुआ है। खबर है कि उनके पास कम से कम 100 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इतना ही नहीं, उनके आश्रमों की संख्या भी करीब 24 है। फिलहाल, पुलिस को बाबा की तलाश है। मंगलवार को सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मामले के जानकार बताते हैं कि बाबा के पास कई लग्जरी कारें हैं। साथ ही उनके पास करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति है। खास बात है कि पाल की आय का स्रोत अब तक साफ नहीं हो सका है, क्योंकि उनके अधिकांश फॉलोअर्स गरीब लोग हैं। खास बात है कि बाबा ने भगदड़ मचाने के आरोप असामाजिक तत्वों पर लगाए हैं। अखबार से बातचीत में एक शख्स ने बताया कि जब बाबा की भक्तों के बीच एंट्री होती थी, तब वह सफेद रंग के थ्री-पीस सूट, टाई और स्टाइलिश चश्मा लगाए हुए होते थे। खास बात है कि वह अकेले नहीं पूरे काफिले के साथ चलते थे। जिसमें 350 सीसी की मोटरसाइकिल्स पर 16 कमांडो होते थे। बाबा के काफिले में 15 से 30 वाहन शामिल होते थे। इन सभी के अलावा बाबा के सेवादार हल्के गुलाबी कपड़ों में हाथ में बैटन लिए खड़े होते थे और काफिले के लिए रास्ता तैयार करते थे। इस दौरान इस बात का खास ध्यान रखा जाता था कि कोई भी फिल्म न बनाएं और न ही फोटो खींचे। इस दौरान पाल खुद सफेद रंग की टोयोटा फॉर्चुनर में होते थे, जिसके सीट कवर सफेद रंग के हैं। अखबार से चर्चा में बाबा के 11 साल पुराने भक्त अनिल कुमार बताते हैं, बाबा को सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन पर भरोसा नहीं था। उन्होंने कहा, इसके बजाए वह अपने हजारों सेवादारों पर भरोसा करते थे, जो उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते थे। सेवादार बनने के लिए एक औपचारिक आवेदन प्रक्रिया होती है, जिसके बाद सिलेक्शन किया जाता है। उन्हें पेमेंट, भोजन और आश्रम में ही रहने की सुविधा मिलती है। खबर है कि सूरज खुद मैनपुरी आश्रम में रहते थे, जो 21 बीघा में फैला हुआ है। इसका नाम हरि नगर है। खास बात है कि इस आश्रम में 6 कमरे सिर्फ बाबा और उनकी पत्नी के लिए थे। मैनपुरी आश्रम में एंट्री पर ही एक बोर्ड लगा हुआ है, जिसपर दानदाताओं की जानकारी लिखी हुई है। खास बात है कि इस लिस्ट में 10 हजार से लेकर 2.5 लाख रुपये तक के दानदाता दर्ज हैं। अखबार से बातचीत में एक अन्य व्यक्ति ने कहा, हमारी जानकारी बाबा देशभर में फैले हुए 24 आश्रमों का ध्यान रखते थे। तीन साल पहले हुआ यह आश्रम उनका घर और काम करने की जगह था। बीते साल ही श्री नारायण हरि साकार चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना हुई है। अब इसके अन्य सहायक ट्रस्ट्स के क्षेत्र में कई और आश्रम भी हैं। एक आश्रम कानपुर के बिधनू में है।

# छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर में अंग्रेज भी हार मानकर मत्था टेकने को हुए मजबूर

रायपुर, एजेंसी। वैसे तो भगवान नारायण को अपने तारीफ वा किसी चीज का अवस्कता नही होता क्योंकि भगवान सर्वत्र है,केवल अपने भक्तो की चिंता यानी भगवान जगन्नाथ भक्तो के वश में रहते है। भगवान जगन्नाथ शब्द संस्कृत शब्द है। जिनका अर्थ जगत के मालिक होता है। पूरे देश में 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी जिनकी तैयारी जोरों पर है, वैसे तो पूरे देशभर में जगन्नाथ के मंदिर बने हुए है। लेकिन धमतरी में एक ऐसे ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर है जो 135 वर्ष पुराना होने के साथ कई आलोकिक चमत्कारों से मंदिर ही नही बल्कि भक्तो को समेटे हुए है। यह ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर भगवान विष्णु के 8 वां अवतार भगवान कृष्ण को समर्पित है, जहा से अंग्रेजो ने भी हार मानकर मत्था टेकने को विवश हो गए थे। दरअसल धमतरी शहर के मध्य सदर रोड मठ मंदिर चौक के पास स्थित जगन्नाथ मंदिर है। जहा सुबह शाम भक्तो के लंबी कतारें लगी रहती है। मंदिर में जो मूर्ति स्थापित किया गया है वो विशेष रूप से नीम वृक्ष के लकड़ियों से पूरी के स्वर्गीय लक्ष्मण दाऊ ने बनाया गया था। जो 135 वर्षो से प्रतिमा आज भी सकुशल विराजमान है। इसमें अभी तक किसी भी प्रकार का खामी नहीं आई है। पुजारी ने बताया की नीम के लकड़ियां काफी मजबूत होने के साथ-साथ खासी लंबी समय तक ठीक ठाक रहता है। यही



कारण है आज मूर्ति के चमक पर कोई असर नहीं पड़े। इसके अलावा रथ यात्रा में दूर दराज से लोग धमतरी आते है और भक्त अपने आराध्य जगन्नाथ का एक झलक पाने को बेकरार रहते है। वही रथ यात्रा के तैयारी में मंदिर ट्रस्ट लगी हुई है। इसके अलावा भक्तो को काड़ा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। फिलहाल भगवान जगन्नाथ का दर्शन अभी नहीं हो पा रहा है। क्योंकि भगवान 15 दिनों तक बीमार पड़ जाते है जिन्हे ठंडे पानी से स्नान कर अदृश्य रखा जाता है और 15 दिन की अवधि पूरी होते ही सार्वजनिक तौर पर भगवान का दर्शन होना शुरू हो जाते है। मंदिर के पुजारी ने बताया की 1918 में नई मूर्ति लाने के दौरान एक बड़ा चमत्कार हुआ था। दरअसल पूरी से तीनो मूर्तियों को एक बक्शे में रख कर रायपुर तक ट्रेन में लाए। यहां से फिर छोटी रेल लाइन से धमतरी ला रहे थे इस बीच अभनपुर के आसपास अंग्रेज टीटीइ बक्शे का भी टिकट मांगा। टीटीई को बताया गया की इसमें भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा है जिसे स्थापित करने धमतरी ले जा रहे है। पर टीटीई बक्शे का लगेज लगने को बात करते हुए बक्शा माल गाड़ी में सिफ्ट करने को कह रहे थे। इस दौरान अंग्रेज टीटीई ने बक्शे को ही लाठी से मार दी कुछ ही देर में रेल के 2 डिब्बे पटरी से उतर गए। वही जिस डिब्बे में भगवान जगन्नाथ को रखा गया था वह डिब्बा सुरक्षित था।




पेरिस ओलिंपिक

# नीरज चोपड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की करेंगे अगुवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। नीरज चोपड़ा के साथ ही इस बार जेवलिन में किशोर जेना भी भाला फेंकते हुए नजर आएंगे। वहीं पिछले साल एशियन गेम्स में महिलाओं के जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतने वाली अन्नू रानी भी पेरिस में जेवलिन थ्रो में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पेरिस ओलिंपिक के लिए 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में17 पुरुष और 11 महिला एथलीट शामिल हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलिंपिक में देश के लिए जेवलिन में गोल्ड मेडल जीता था।

**8 एथलीट टोक्यो ओलिंपिक में ले चुके हैं हिस्सा:** नीरज चोपड़ा और अन्नू रानी के अलावा, पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, पुरुषों मे एशिया के टॉप शॉट पुटर में से एक तजिंदरपाल सिंह तूर, महिला रेस वॉकर प्रियंका गोस्वामी और 4×400 मीटर रिले धावक मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन तीन साल पहले टोक्यो में हिस्सा ले चुके हैं। मोहम्मद अनस भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम का हिस्सा हैं और लगातार तीसरी बार ओलिंपिक गेम्स में भाग लेंगे।

**पारुल चौधरी 3000 और 5000 मीटर स्टीपलचेज में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व:** पारुल चौधरी 3000 मीटर स्टीपलचेज और 5000 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। दो इंडिविजुअल इवेंट में भाग करने के लिए चुनी गई एकमात्र एथलीट हैं। उन्होंने पिछले साल एशियन गेम्स में 5000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था और 3000 मीटर स्टीपलचेज में सिल्वर मेडल जीता था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि सूरज पंवार मिक्स्ड मैराथन इवेंट में प्रियंका गोस्वामी के साथ हिस्सा लेंगे।

अक्षदीप सिंह, राम बाबू, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट और सूरज पंवार सभी पेरिस ओलिंपिक में पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा के लिए क्वालिफाई थे। सूरज ने वर्ल्ड रैंकिंग के जरिए जगह बनाई, जबकि बाकी चार ने प्रवेश मानक को पूरा किया था। पारुल चौधरी 3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर रेस में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पुरुष

अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना ( जेवलिन), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी वॉक रेस), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4M400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4M400 मीटर रिले), सूरज पंवार (वॉक मिक्स्ड मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (हाई जंप)।

### महिला




किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर हर्डल रेस), अन्नू रानी (जेवलिन थ्रो ), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4M400 मीटर रिले), प्राची (4M400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी वॉक रेस)।

## संक्षिप्त समाचार

### Indian Football Coach:

### जुलाई के आखिर तक मुख्य कोच नियुक्त कर लेगा AIFF, कौन होगा स्टिमैक का उत्तराधिकारी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि वह इस महीने के आखिर तक राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति कर लेगा जिसके लिए उसे दुनिया भर से आवेदन मिले हैं। इस पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बुधवार को समाप्त हो गई और एआईएफएफ ने कहा कि उसे कुल 291 आवेदन मिले हैं। इसमें से 100 आवेदकों के पास यूईएफए प्रो लाइसेंस डिप्लोमा है, जबकि 20 के पास एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा और तीन के पास कॉनमेबोल लाइसेंस हैं।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बयान में कहा, हमें बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं और कई ख्याति प्राप्त कोच ने भारत में दिलचस्पी दिखाई है। हमें उम्मीद है कि हम जुलाई के आखिर तक मुख्य कोच की नियुक्ति कर देंगे ताकि भारत सितंबर में फीफा विंडो का फायदा उठा सके। एआईएफएफ ने भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद पिछले महीने इगोर स्टीमक को मुख्य कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। तभी से यह पद खाली पड़ा है।

### Paris Olympics 2024

### ओलंपियंस से मिले पीएम मोदी, बोले- देश का गौरव बढ़ाएंगे भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास जताया कि ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी देश को गौरवान्वित करेंगे और 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बार वे तोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जिनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के एक बड़े दल से मिलने के बाद एक्स पर पोस्ट किया,''ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जीवन यात्रा और सफलता 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीद बंधाती है।

भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी थीं। पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की।

बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# भारत ने जीता एशियाई लैक्रोज़ प्रतियोगिता का रजत पदक

**उदयपुर, एजेंसी।** उज़्बेकिस्तान के समरकंद में खेली गई सीनियर महिला लैक्रोज़ प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। गुरुवार को खेले गए संघर्षपूर्ण फाइनल में भारत को अनुभवी सऊदी अरब से 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

इस अत्यंत रोमांचपूर्ण मुकाबले में भारत की ओर से झूला कुमारी गुर्जर व विशाखा मेघवाल ने तीन- तीन, कप्तान सुनीता मीणा ने दो एवं डाली गमेती ने एक गोल किया। वहीं गोलकीपर दीपिका बामनिया का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। टीम में अन्य खिलाड़ी हेमलता डांगी, मीरा दौजा, राधिका जेडे, कीर्ति कुरुवा, राशि गौड़, दिव्यांशी दवे, रिद्धिमा वाघेला, अलका सिंह थी।

टीम के साथ प्रशिक्षक नीरज बत्रा व शकील खान, मैनेजर डॉ. गंगाधरया, सहायक मैनेजर सलीम खान, चीफ डे मिशन शहजाद खान, सौरभ वेताल रहे। भारतीय टीम की कप्तान सुनीता मीणा प्रतियोगिता में 22 गोल कर सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रही। विजेताओं को एशिया पैसिफिक




लैक्रोज़ फेडरेशन के चेयरमैन जापान के क्रिश जिन्नो ने सम्मानित किया। भारतीय टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि पर लैक्रोज़ फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव तौसीफ अहमद लारी, राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक फूलसिंह मीणा, प्रताप भील, उदय लाल डांगी, उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, जनजाति आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी आदि ने बधाइयां प्रेषित की।

फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशिया पेसिफिक चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां विश्व कप की टीमों का चयन होना है।



## बाबर, शाहीन और रिजवान को पीसीबी ने नहीं दिया एनओसी, क्या मिली‍ी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खराब प्रदर्शन की सजा

**कराची, एजेंसी।** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) ने एनओसी देने से मना कर दिया है। तीनों खिलाड़ियों ने जीटी20 (ग्लोबल टी20 कनाडा) के लिए एनओसी मांगी थी। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह साफ किया कि राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को हमेशा पहले आना चाहिए, जिसके बाद इन खिलाड़ियों को एनओसी देने से मना कर दिया गया।

### सख्त हुआ पीसीबी

मोहसिन नकवी ने घोषणा की कि जो खिलाड़ी घरेलू लीग के लिए एनओसी मांग रहे हैं, उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली क्रिकेट सीरीज के कारण मना कर दिया जाएगा। प्रमुख टूर्नामेंटों में पाकिस्तान के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद प्रोटोकॉल में बदलाव की घोषणा की गई। हाल ही में भारत और यूएसए के खिलाफ मुकाबले हारने के बाद मैन इन ग्रीन टी20 विश्व कप 2024 से ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नकवी ने बताया कि चयन समिति को प्रदर्शन के लिए कुछ स्तर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा और राष्ट्रीय टीम में चयन से पहले घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए नए मानदंड निर्धारित किए जाएंगे।

### घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य

उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेंगे, उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, टीम की कप्तानी में बदलाव के बारे में कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि इस निर्णय को लेने में पूर्व क्रिकेटरों को शामिल किया जाएगा। मोहसिन नकवी ने हाल ही में स्टार पेसर हारिस राउफ से जुड़ी घटना के बारे में भी बात की, जब हाल ही में एक प्रशंसक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था, जब वह टी20 विश्व कप के दौरान अपने परिवार के साथ यूएसए की सड़कों पर घूम रहे थे।

### खिलाड़ियों की फिटनेस जरूरी

उन्होंने खुलासा किया कि राउफ को परेशान करने वाले व्यक्ति की शिकायत संघीय जांच एजेंसी को कर दी गई। यह निर्णय पीसीबी द्वारा यह घोषणा करने के बाद लिया गया कि खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष ने जिन सबसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, उनमें से एक फिटनेस भी थी। खिलाड़ियों के लिए अब यो-यो टेस्ट सहित विभिन्न फिटनेस आकलन अनिवार्य कर दिए गए हैं और जो खिलाड़ी मानकों पर खरे उतरेंगे, उन्हें ही राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने की अनुमति दी जाएगी।

## इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी।** अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था।

अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंज़ो फर्नांडीज के माध्यम से आया- एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला। मेसी के कार्नर से, मैक एलिस्टर के बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज का दूसरा हेडर, अलेक्जेंडर डोमिंगुएज़ ने बचा लिया लेकिन गेंद पहले ही गोल रेखा पार कर चुकी थी। पहले हाफ के



अंतिम मिनटों में, निकोलस गोंजालेज के एक प्रयास ने एल्बीसेलेस्टे को दूसरे गोल का मौका दिया, लेकिन इक्वाडोर की रक्षा फिर से संगठित होने और खतरे को बेअसर करने में कामयाब रही। स्कालोनी की टीम मध्यांतर के बाद 1-0 की बढ़त के साथ उतरी।

दूसरे हाफ की शुरुआत धीमी गति से हुई लेकिन मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। 55वें मिनट में डिबू मार्टिनेज की लंबी गेंद के बाद लुटारो मार्टिनेज ने मौका बनाया। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर ने इसे अपनी छाती से नियंत्रित किया, मुड़े और डोमिंगुएज़ के गोल के ठीक सामने बाएं पैर से शॉट लगाने से चूक गया।

इंडिया-जिम्बाब्वे

## जिम्बाब्वे को हराते ही इतिहास रचेगी टीम इंडिया




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस वक्त जिम्बाब्वे के दौरे पर है, जहां 5 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान बीसीसीआई की ओर से पहले ही कर दिया गया था, जिसकी कप्तानी शुभमन? गिल के पास है। इस बीच शुभमन गिल के पास एक बड़ा मौका है। अगर भारत पहले ही मैच में जिम्बाब्वे को हरा देता है तो फिर वो काम हो जाएगा जो अब तक टेस्ट खेलने वाला कोई भी देश नहीं कर पाया है।

टी20 इंटरनेशनल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का कीर्तिमान इस वक्त बरमूडा की टीम के पास है। टीम ने साल 2021 से लेकर 2023 तक लगातार 13 टी20 इंटरनेशनल मैच जीते हैं। वहीं मलेशिया ने भी ये कारनामा किया है। टीम ने साल 2022 में लगातार 13 मुकाबले जीते हैं। ये दोनों देश टेस्ट मैच नहीं खेलते हैं।

# पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

**रियाद, एजेंसी।** भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5-0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठरी को 5-0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था

क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया। शुरुआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक-बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और



पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा।

श्रीकृष्ण केवल 32 का स्कोर बनाने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने अपने कुशल स्कोरिंग के साथ श्रीकृष्ण को दूर रखने के लिए अभूतपूर्व ब्रेक बनाए। पंकज ने 101 के एक और ब्रेक के साथ मैच समाप्त किया, जबकि श्रीकृष्ण ने 2 अंक बनाए। सौरव के खिलाफ सेमीफ़ाइनल मैच में, पंकज एक उल्लेखनीय मैच में लगातार पाँच फ्रेमों में अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे। तालिका में उनकी महारत स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने प्रत्येक फ्रेम में 100 का स्कोर बनाया था। मैच की शुरुआत में पंकज ने तेजी से नियंत्रण हासिल करते हुए 100 अंक बनाए, जबकि सौरव अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद 29 अंक बनाने में सफल रहे, लेकिन पंकज के तेज खेल की बराबरी करने में असमर्थ रहे। दूसरे फ्रेम में पंकज ने अपनी गति जारी रखी और एक और 100 का स्कोर बनाया। सौरव ने अपने प्रदर्शन में थोड़ा सुधार किया और 33 का स्कोर बनाया। अगले तीन फ्रेम में पंकज का कौशल पूरे प्रदर्शन पर था क्योंकि उन्होंने सौरव के 38, 21 और 0 की तुलना में 101, 100 और 100 का स्कोर बनाया। पूरे मैच के दौरान पंकज का प्रदर्शन शानदार रहा। लगातार 100 के ब्रेक और टेबल पर प्रभावी उपस्थिति के साथ, उन्होंने शीर्ष स्तरीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की और फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा शीघ्र पूरी हो, अमानगंज स्वास्थ केन्द्र को सिविल अस्पताल का दर्जा दिया जाये: डॉ पांडेय

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान नगर अमानगंज में की गई घोषणा आज भी लंबित है उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था की जनसंख्या बहुसंख्यक क्षेत्र अमानगंज के आसपास 118 ग्राम जो चिकित्सा सुविधा की वाट देख रहें हैं इन्हें लाभान्वित कराए जाने हेतु शीघ्र अमानगंज अस्पताल को सिविल अस्पताल अगले वित्तीय वर्ष में कायम किया जाएगा परंतु आम जनमानस की धारणा के अनुरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वादा आज भी अधूरा है कई बार विभागीय सर्वेक्षण कराया गया परंतु वित्तीय संकट हो या जो भी समस्याएं हो इसका क्रियान्वयन आज भी लंबित है जो तत्काल पूरा होना अति आवश्यक



है। बीते दिवस क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान हमारे मैदानी संवाददाता से हुए साक्षात्कार के दरमियान मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला पन्ना के आजीवन सदस्य और जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पांडेय ने बताया कि उन्होंने क्रमांक 59 के युवा कर्मठ ओजस्वी विधायक डॉ राजेश वर्मा के निवास पर जाकर एक सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमें लिखा गया है कि शासन की धारणा के अनुरूप विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एवं पैरामेडिकल स्टाफ कुल मिलाकर 50 कर्मचारी जो नियुक्त होते हैं। इनका अमानगंज अस्पताल के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर विद्यासागर उपाध्याय के माध्यम से अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग वल्लभ भवन सचिवालय को भेज दिया गया है। डॉ पांडेय के अनुसार वर्ष 1984-85 में तत्कालीन गृहमंत्री कैप्टन जयपाल सिंह द्वारा भी अमानगंज को सिविल अस्पताल बनाये जाने के संबंध में स्वास्थ मंत्री को पत्र लिखा था। लेकिन वह मांग अभी भी अधूरी है। स्थानीय लोगो ने वर्तमान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से सिविल अस्पताल की मांग पूरे किये जाने का अनुरोध किया है।

# लाल बहादुर सोनी ने गर्भवती महिला को खून देकर बचाई जान

**पन्ना।** जिला अस्पताल पन्ना में अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के पाठा निवासी 28 वर्षीय गर्भवती महिला श्रीमती उर्मिला कुशवाहा पति तीरथ कुशवाहा खून की कमी के कारण जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती हुई थी। उनका सिर्फ दो पॉइंट खून था। पति अपना स्वयं का एक यूनिट खून दान कर चुका था। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव खून पर्याप्त रखा हुआ था। मगर जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा सिर्फ एक यूनिट ही खून गर्भवती महिला को दिया गया और बोल दिया गया कि अब तुम्हें और खून नहीं दिया जा सकता है। आप अपने स्तर पर स्वयं व्यवस्था करें। जिसके बाद पीड़ित पति तीर्थ कुशवाहा द्वारा पन्ना जिले के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गई। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी द्वारा सोशल मीडिया पर रक्तदान का संदेश प्रसारित किया गया। सोशल मीडिया पर संदेश पढ़ते ही जिला अस्पताल पन्ना में पदस्थ स्टाफ नर्स श्रीमती चांदनी सोनी के पति लाल बहादुर सोनी निवासी भिलसाए अतिथि शिक्षक का कार्य पूर्ण करने के उपरांत आज दिनांक 2 जुलाई को देर शाम को जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने बिना कोई विलंब किए गर्भवती महिला को स्वेच्छा से आज दूसरी बार रक्तदान किया है। रक्तदान दाता लाल बहादुर सोनी ने कहा कि उन्होंने पहली बार रक्तदान अपनी स्वयं की मां को किया था। उस समय उन्हें खून का क्या महत्व होता है पता चला था। उसके बाद से आज दूसरी बार एक जरूरतमंद महिला को खून देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और आज तीन बच्चों सहित पांच लोगों का जीवन बचाने जा रहे हैं। लाल बहादुर सोनी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष मे तीन से चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

# ग्राम पंचायत झांझर की महिला सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## रोजगार सहायक पर बिना कार्य कराये फर्जी रूप से शासकीय राशि आहरण के लगाये गंभीर आरोप

**पन्ना।** जिले मे भ्रष्टचार चरमसीमा पर चल रहा है, कोई विभाग हो बिना रिश्वत के कोई कार्य नही हो रहा है, तथा शासन की योजनओं मे व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। खासकर ग्राम पंचयतो मे इन दिनो उपयंत्री, सरपंच, सचिव की मनमानी चल रही है। जिससे अनेक ग्राम पंचायतो के दलित एवं महिला सरपंच भारी परेशान है। इसी प्रकार का मामला पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत झांझर का प्रकाश मे आया है। महिला सरपंच निन्नी बाई चौधरी ने कलेक्टर को दिये गये आवेदन मे कहा कि ग्राम पंचायत मे पदस्थ रोजगार सहायक कृष्ण कुमार गौतम द्वारा फर्जी रूप से मस्टर लगाकर विभिन्न कार्यो के नाम पर राशि आहरित कर गोलमाल किया गया है। उदहारण के तौर पर भूमि उत्थान कार्य के नाम पर गिरवरीया, पचईया, मुल्लू खुमान, समझरानी, बलुआ चौधरी के नाम से 95



हजार की राशि मस्टर डालकर निकाल ली गई। जबकी संबंधित हितग्राहीयो को इस बारे मे कोई जानकारी भी नही है। इसी प्रकार सुग्रींव सिंह, लाखन सिंह, लक्ष्मण सिंह के नाम से 90 हजार की राशि निकाली गई। मेड़ बंधान कार्य मुन्ना पाल, लखन पाल, गलबलिया, हुकुम बसोर, कुन्नू बसोर, गिरबरिया चौधरी, होशियार सिंह के नाम से 80 हजार की राशि आहरित की गई। इसी प्रकार वृक्षा रोपण कार्य हरी शंकर के नाम 52 हजार, खुमान सिंह के नाम 65 हजार, पोषण वाटिका निर्माण 30 हजार, फटहा तालाब विस्तारीकरण कार्य 80 हजार, परूकेलेशन टेंक 90 हजार कुल मिलाकर 5 लाख 82 हजार की राशि बिना किसी कार्य के आहरित की गई तथा राशि में फर्जीवाडा किया गया। जिसकी जानकारी सचिव तथा हम लोगो को भी नही है। सरपंच निन्नी बाई ने कहा कि रोजगार सहायक द्वारा भारी फर्जीवाडा ग्राम पंचायत मे किया गया है।

# सहकारी बैंक बिजल एकाउन्ट में घोटाला करने वाले मामले मे दो आरोपियो के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज

**पन्ना**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पन्ना मुख्य शाखा में बिजल एकाउन्ट की राशि में दो करोड़ का फर्जीवाड़ा बैंक के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा किया गया था। उक्त मामला विगत वर्ष 2023 का है, जिसमें जांच होने के बाद आधा दर्जन अधिकारी कर्मचारी घोटला मे लिप्त पाये गये थें। जिसमें तत्कालीन महाप्रबंधक मानवेन्द्र सिंह, अंजली असाटी, पुष्पेन्द्र सिंह, अनुपमा सिंह, राजेश कोरी शामिल रहें है। जिसमें जांच उपरांत मामला सही पाया गया था तथा दोषीयो द्वारा कुछ राशि भी जमा की गई थी एवं राजनैतिक दांव पेच के चलते जांच के नाम पर लगातार मामला खिचता चला गया। बैंक महाप्रबंधक एस के कनौजिया द्वारा मामले को महिनो से जांच के नाम पर लटकाया गया है। जिसको लेकर गुनौर क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा ने विधानसभा भी लगाया गया था। उसके पश्चात् आनन फानन में महाप्रबंधक श्री कनोजिया द्वारा पुष्पेन्द्र सिंह तथा राजेश कोरी दो लोगो के खिलाफ कोतवाली पन्ना में विभिन्न धोखा धडी के तहत मामला दर्ज कराया है। लेकिन अन्य आरोपी अभी भी बचें हुए है तथा उन्हे बचाया जा रहा है। आंगे देखना है सभी आरोपीयो के खिलाफ कब तक मामला दर्ज होता है।

# वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में किया वृक्षारोपण

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा बुधवार को शहर के वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में पंच-ज अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ जामुन, आंवला, शीशम, अमरूद, पीपल इत्यादि के लगभग 70 पौधे रोपित किए गए।

इसके अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा आश्रय गृह में विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व के बारे में बताया। साथ ही वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ लेकर जीवन में उत्कृष्टता को प्राप्त करने की बात कही। वरिष्ठजनों को अपने अधिकारों के प्रति



जागरूक रहकर जीवन में उदारता और बड़प्पन जैसे गुणों की प्रधानता रखने तथा जीवन में निराश न होने की समझाइश भी दी गई। इसके अलावा आश्रय स्थल में रहकर अन्य साथियों से रिश्ते निभाकर शेष जीवन को विशेष बनाने और स्वयं को एकाकी न समझने के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रशासक दुर्गा त्रिपाठी सहित मेघा शर्मा, ठाकुरदास पटेल, मनीष अहिरवार, अमन शर्मा, सरताज सिंह, रेखा पाल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम से शशांक चतुर्वेदी एवं रोहित नायक और प्राधिकरण के कर्मचारी खुर्शीद अहमद भी उपस्थित रहे।

# दबंगो ने सार्वजनिक रास्ता किया अवरूद्ध

**पन्ना।** जिले की देवेन्द्र नगर तहसील अन्तर्गत ग्राम बडवारा में सार्वजनिक रास्ता को कुछ दबंग द्वारा बंद कर दिया गया है। जिसको लेकर स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन जन सुनवाई में सौपकर कहा कि कमला प्रसाद बिलथरिया निवासी बडवारा द्वारा ग्राम बड़ा गांव को जाने वाली आम रास्ता पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए रास्ता बंद किया जा रहा है। जिसके चलते हम लोगो का निकलना मुश्किल हो जायेगा। आवेदिको ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है। आवेदक दशरथ, गोरेलाल सहित महिलाये, तथा बृद्ध शामिल रहें। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार देवेन्द्र नगर को कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# भरी बरसात मे गैस सिलेन्डर से गरीब के मकान मे लगी आग

## घर गृहस्थी का समान जल कर हुआ खाक

**पन्ना।** जिले के अजयगढ तहसील अन्तर्गत ग्राम सलैया मे सिलेन्डर से अचानक आग लग गई। जिसमें गरीब का पूरा मकान जल गया तथा घर ग्रहस्थी का समान भी जलकर नष्ट हो गया है।



जिससे पूरा परिवार खाने पीने के लिए भी परेशान हो रहा है। जिला कलेक्टर जन सुनवाई मे आवेदक प्रकाश साहू पिता मोती लाल साहू ने आवेदन देते हुए बताया कि गैस चूल्हा से आग भडक गई जिससे कच्चा रिहायसी मकान जल गया। आग लगने पर हम लोगो तथा गांव वालो ने बुझाने का खूब प्रयास किया लेकिन उक्त आग नही बुझी तथा ग्रहस्थी का समान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया है। आवेदक ने बताया कि उक्त घटना 30 जून की है। जिसकी सूचना तहसील तथा पटवारी को भी दी गई थी। पटवारी द्वारा मौका मुआयना भी किया गया है तथा पंचनामा बनाया गया, लेकिन अभी तक शासन की तरफ से किसी प्रकार के कोई सहायता प्राप्त नही हुई है।

# मानसिक रूप से परेशान प्रधान आरक्षक की पत्नी पंखे पर लटकी

**पन्ना।** यातायात थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह की पत्नी श्रीमती सुशमा सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष का पंखे पर लटकते हुए शव पाया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कमलेश सिंह सुबह बच्चे को स्कूल छोडकर लगभग 8 बजे घर से ड्यूटी के लिए निकल आये थे तथा घर में उनकी पत्नी तथा नवजात दो बच्चियां थी। उन्हे 11 बजे मोबाईल द्वारा सूचना मिली की घर के दरवाजे नही खुल रहे है तो वह घर पंहुचे तब आरो पानी देने वाले ने बताया कि अन्दर से दरवाजा नही खुल रहा है, दरवाजा बंद है किसी प्रकार दरवाजे को तोडकर खोला गया तो उनकी पत्नी सुशमा सिंह द्वारा साड़ी से पंखा पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

# कलेक्टर ने म.प्र. पर्यटन क्विज पोस्टर का किया विमोचन

## प्रतियोगिता के लिए 8 जुलाई तक होंगे पंजीयन

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 जुलाई को किया जाएगा। इसके लिए सभी स्कूल प्राचार्यों को लिंक के जरिए 8 जुलाई तक तीन-तीन विद्यार्थियों के पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित होगी, जिसमें सर्वप्रथम लिखित परीक्षा में प्रथम 6 स्थान प्राप्त करने वाली टीमें मल्टीमीडिया राउंड में सम्मिलित होंगी। प्रथम तीन टीमें विजेता एवं शेष तीन टीमें उप विजेता घोषित होंगी। इन सभी छह टीमों को प्रमाण पत्र, कूपन एवं मेडल के साथ ही मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों का मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के माध्यम से भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही सभी सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में क्विज के लिए राज्य स्तर से प्राप्त पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के जिला प्रभारी अशोक चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग उपस्थित रहे।

# जिले में 103.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में गत एक जून से 03 जुलाई तक 103.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 125.8 मिमी, देवेन्द्रनगर में 72.2 मिमी, गुनौर में 65.2 मिमी, अमानगंज में 58.6 मिमी, पवई में 74 मिमी, सिमरिया में 153.4 मिमी, शाहनगर में 94.1 मिमी, रैपुरा में 146.6 मिमी और अजयगढ़ में 135.8 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष उक्त अवधि में जिले की औसत वर्षा 168.6 मिमी दर्ज की गई थी। पन्ना जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# अजयगढ जनपद कार्यालय में विकलांगों के लिए आई ट्राई साइकिल बन गई कबाड़

**पन्ना।** समाजिक न्याय विभाग द्वारा जनपद पंचायतो के माध्यम से दिव्यांगो के लिए अनेक उपकरण सरकार द्वारा वितरण करने के लिए भेजे जाते है। लेकिन जनपद



पंचायत के अधिकारी कर्मचारीयों की लापरवाही के चलते पात्र हितग्राहीयों को उक्त उपकरण नही मिल पाते तथा वह कबाड बन जाते है। जिसका लाभ दिद्यांगो को नही मिल पाता है। इसी प्रकार का मामला अजयगढ जनपद पंचायत कार्यालय में देखा जा रहा है जहां पर सैकड़ो ट्राई साईकिले कवाड मे बदल गई है। जिम्मेवारो द्वारा उन्हे वितरित नही किया गया है। जबकी जनपद कार्यालय मे अनेको बार दिव्यांग शिविर आयोजित किये जा चुके है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से जनपद से लापरवाह अधिकारी कर्मचारीयो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# किलकिला फीडर की जमीन पर भू-माफियाओं की नजर

**पन्ना।** काष्टागार से निकली किलकिला नदी का फीडर विगत छह वर्षो से काम चल रहा है। जिस पर करोड़ो रूपये खर्च हो चुके है। लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नही हुआ है और न ही नहर के उपर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया है। फीडर की नहर के उपर अंडरग्राउंड मे डाली गई मिट्टी पहले ही बारिश में बह गई है तथा वहां पर रहने वाले लोग परेशान हो रहे है। दूसरी ओर भू-माफियाओं द्वारा उक्त नहर के उपर से रास्ता बनाकर शासकीय जमीन बेचने की भी तैयारी कर ली है। ज्ञात हो कि किल किला फीडर के द्वारा नगर के सभी तालाब भरे जाते थें। जिस पर लोगो द्वारा वर्षो से अवैध कब्जा कर रखा है।

# अतिवृष्टि एवं बाढ़ की जानकारी एकत्रीकरण के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पन्ना द्वारा वर्षाकाल के लिए तहसीलदार कार्यालय पन्ना में स्थापित कन्ट्रोल रूम के सुचारू रूप से संचालन और प्रतिदिन तहसील कार्यालय से अतिवृष्टि व बाढ़ की जानकारी एकत्र कर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम संजय कुमार नागवंशी द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को तहसीलदार पन्ना के निर्देशन में कार्य संपादित कर कन्ट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं से तत्काल अवगत कराने के लिए निर्देशित किया है। सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड-3 मनोज कोंदर एवं भृत्य गणेश यादव, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक खण्ड लेखक कृष्ण कुमार यादव एवं भृत्य वीरेन्द्र कुमार तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सहायक ग्रेड-3 आशीष पटेल एवं भृत्य निवस मिश्रा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# कोलकाता विश्वविद्यालय में हमलाकर भागे दो आरोपितों को सतना से पश्चिम बंगाल ले गई पुलिस

**सतना।** सतना की सिटी कोतवाली पुलिस के सहयोग से पश्चिम बंगाल पुलिस ने सफलता पाई। पश्चिम बंगाल के कोलकाता विश्वविद्यालय में आते-जाते कुछ शोहदे उसे परेशान करते थे। सीएसपी ने बताया कि शेख सद्दाम अली और शेख राहुल अमीन हमला करने के मामले के आरोप थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तंग आकर शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई तो नहीं हुई, उल्टे गत 16 मई को तीन युवकों ने बीच बाजार हमला कर हाथ काट दिया और सोने की चेन लूट ली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेंद्र सिंह ने बताया कि कोलकाता पुलिस उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर सतना से अपने साथ ले गई है। पश्चिम बंगाल के हुबली जिले की चंडी ताला थाना पुलिस सिटी कोतवाली पुलिस की मदद से गत बुधवार को सतना में दबिश देकर दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित सिटी कोतवाली अंतर्गत नजीराबाद में एक मकान में छिपे हुए थे और सतना के सर्राफा मार्केट में काम कर रहे थे।

शिकायत भी पुलिस से की गई लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ नतीजतन एसपी और मानवाधिकार आयोग को ईमेल कर अपनी पीड़ा बताई। चंडी ताला थाना पुलिस को तलाशी के दौरान साइबर सेल के जरिये उनकी लोकेशन सतना में मिली थी।

### इनका कहना है

*पश्चिम बंगाल की पुलिस मंगलवार की रात सतना पहुंची थी। उन्हें टावर लोकेशन के आधार पर एक मामले में दो आरोपितों की तलाश थी। सिटी कोतवाली पुलिस की सहायता से दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें बंगाल पुलिस लेकर रवाना हो गई है।*

**आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सतना**

# बीज वितरण न होने से किसान परेशान, कृषि विभाग उदासीन

**पन्ना।** अजयगढ़ क्षेत्र में बीज वितरण को लेकर कृषि विभाग की ओर से बरती जा रही लापरवाही से किसान परेशान है। कृषि विभाग की ओर से किसानों को समय पर बीज मुहैया नहीं करवाया जा रहा हैं। ऐसी स्थिती में खेतों में बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। विभागीय लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगताना पड़ रहा है, किसानों से बीज वितरण के लिए कहा गया था। लेकिन जब किसान बीज वितरण केन्द्र पंहुचे तो भवन में कृषि विभाग का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। इस कारण किसानों को बीज वितरण नहीं हो पाया। किसानों को आये दिन कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे, अधिकारियों के मनमाने रवैये के खिलाफ रोश जताया। बीज वितरण में अनियमितता बरतने वाले कृषि अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर किसानों को समय पर बीज उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

# डेंगू प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**पन्ना**

शासन के निर्देशानुसार वर्तमान जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के दृष्टिगत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय द्वारा जिला मुख्यालय पर डेंगू प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया और फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार कर जनसमुदाय को जागरूक किया जाएगा। साथ ही आमजनों को बुखार आने पर जांच कराने तथा समय पर उपचार प्राप्त करने के



लिए आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा बीमारी से बचाव के संबंध में सलाह भी जारी की गई है। बताया गया है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर कन्टेनर ब्रीडर है अर्थात यह बर्तनों में संग्रहित साफ पानी में अंडे देता है। इसलिए डेंगू से बचाव के लिए संग्रहित पानी को ढंककर रखना चाहिए। साथ ही प्रति सप्ताह एक बार पानी को बदलना भी आवश्यक है। इसके अलावा बर्तन को रगड़कर धोना चाहिए। यदि पानी बदलना संभव न हो तो सप्ताह में एक बार मीठा तेल पानी के ऊपर एक परत बनने तक डालना चाहिए। इसके अलावा अपने आस-पास टायर, टूटे-फूटे मटके, गमले, डिब्बे, नारियल के खोल इत्यादि सामग्री नहीं फेंकना चाहिए अन्यथा इसमें बारिश का पानी जमा होने की संभावना होती है। डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, आंख के पीछे तरफ दर्द, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द, शरीर में लाल दाने या चिकत्ते इत्यादि होते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर चिकित्सक से तुरन्त परामर्श लेना जरूरी है। साथ ही चिकित्सक की सलाह के बिना किसी भी प्रकार की दवा का सेवन नहीं करना चाहिए। डेंगू के जांच व उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय पन्ना में निःशुल्क उपलब्ध है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शनिवार 06 जुलाई 2024




**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से एक करोड़ 29 लाख हितग्राहियों को 1574 करोड़ रुपए की राशि जारी की।**




# मुख्यमंत्री ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहना हितग्राहियों को 1574 करोड़ रुपए किए जारी

**मुख्यमंत्री ने छिपरी गांव का नाम मातृधाम करने की घोषणा की**

**रीवा जिले की 4.10 लाख बहनों को 50.46 करोड़ की राशि जारी**



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से एक करोड़ 29 लाख हितग्राहियों को 1574 करोड़ रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण योजना से 81 लाख किसानों को 1630 करोड़ रुपए तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 55 लाख हितग्राहियों को 330 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना का लाभ ले रही लाड़ली बहना योजना की 24 लाख हितग्राहियों को 41 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की।

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रही है। आज हमें आशीर्वाद देने के लिए श्री रविशंकर रावतपुरा सरकार महाराज का सानिध्य मिला है। संतों के आशीर्वाद से सब काम सरलता से हो जाएंगे। महाराज जी ने छिपरी के चारो ओर लगभग दो लाख पौधे रोपित कराकर इसे हरा-भरा बनाया है। मुख्यमंत्री ने ग्राम छिपरी का नाम परिवर्तित करके मातृधाम करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृधाम का पर्यटन केन्द्र के रूप में विकास किया जाएगा। यहाँ उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों को पूरी सुविधा दी जाएगी। समारोह में श्री रावतपुरा सरकार ने मुख्यमंत्री जी को प्रदेश के विकास के लिए आशीर्वाद दिया। समारोह में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार तथा सांसद खजुराहो श्री व्हीडी शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत विधायक हरिशंकर खटिक ने किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने रीवा जिले की लाड़ली बहना योजना की 4 लाख 10 हजार 323 महिलाओं को 50 करोड़ 46 लाख 79 हजार 900 रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण योजना से रीवा जिले के एक लाख 65 हजार 206 किसानों को योजना की राशि जारी की। जिले का मुख्य कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय से अपर कमिश्नर अरूण परमार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, उपायुक्त डीएस सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## कलेक्टर मऊगंज ने 7 लापरवाह कर्मचारियों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने जनपद कार्यालय हनुमना के सात लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर न देने पर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम हनुमना राजेश मेहता ने 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे जनपद कार्यालय हनुमना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीपीओ आरके सिंह, समग्र अधिकारी अजय पटेल, सहायक लेखा अधिकारी बंसतलाल पटेल, ब्लॉक क्वार्डिनेटर आवास प्रतिभा सिंह, सहायक ग्रेड दो अनुज शुक्ला, सहायक ग्रेड तीन अर्जुन सिंह तथा सहायक ग्रेड तीन अभिषेक द्विवेदी बिना अवकाश आवेदन के कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए।

## लक्ष्मणबाग एवं लाड़ली लक्ष्मी पथ में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**रीवा**

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार रीवा जिले में पंच-ज अभियान के अन्तर्गत वृक्षापोषण अभियान के तहत 5 जून से 15 अगस्त तक वन विभाग एवं अन्य शासकीय व अशासकीय विभागो तथा संगठनों के सहयोग से वृक्षारोपण किया जा रहा है।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान एवं सी.सी.एफ राजेश कुमार राय के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आर्शीवाद भिलाला के नेतृत्व में लक्ष्मणबाग एवं लाड़ली लक्ष्मी पथ जयंती कुंज में वृहद वृक्षारोपण किया गया। लक्ष्मणबाग में 3500 छायादार एवं फलदार पौधे एवं लाड़ली लक्ष्मी पथ में 1000 पौधे रोपित किये जा रहे है। शहर का सबसे अधिक हरियाली वाला पथ लाडली लक्ष्मी पथ होगा। इस अवसर पर डी.एफ.ओं अनुपम शर्मा, वनरक्षक संदीप गौतम, अम्बुज पाण्डेय, लीगल एड. डिफ्रेस काउसेंल के असिस्टेंट श्रीमती आरती तिवारी एवं अनीश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## आईटीआई में अब तैयार होंगे स्माल हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग के आदेशानुसार शासकीय संभागीय आईटीआई रीवा में अब स्माल हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन तैयार होंगे। संभागीय आईटीआई रीवा मध्यप्रदेश का ऐसा पहला संस्थान बन गया है जहां पर हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन को प्रशिक्षित किया जाएगा। हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के तकनीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इस सेक्टर में युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के द्वार खुलेंगे। स्माल हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन ट्रेड की अवधि दो साल की होगी। इस अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थी को तकनीकी कौशल, तकनीकी ज्ञान, तकनीकी ड्राइंग, गणित के मूल और कार्यशाला गणना का सैद्धांतिक प्रशिक्षण संभागीय आईटीआई रीवा में दिया जाएगा। शेष प्रशिक्षण जॉब ट्रेनिंग के तहत एमपीपीजीसीएल (टीएचसी सिरमौर) के संचालित परियोजनाओं में दिया जाएगा। पाठ्यक्रम को दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (डीएसटी) मोड में लागू किया गया है, जिसके लिए आईटीआई एवं एमपीपीजीसीएल (टीएचसी सिरमौर) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। इस कोर्स में इलेक्ट्रिकल उपकरण के आपरेशन और मेंटीनेंस, सिविल वर्क और हायड्रो मैकेनिकल उपकरणों के रख-रखाव में विशेषज्ञता शामिल है। अधिक जानकारी के लिए संभागीय आईटीआई रीवा से संपर्क किया जा सकता है। जानकारी के लिए फेसबुक पेज जीओव्हीटी डॉट डिवीजनल आईटीआई रीवा पर भी विजिट किया जा सकता है।

## सहायक शिक्षक निलंबित

**रीवा।** संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक दो अंतर्गत प्राथमिक कन्या शाला बोदाबाग में पदस्थ सहायक शिक्षक रमाकांत वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया में सहायक शिक्षक के शराब के नशे में होने की खबर गत दिनों प्रसारित हुई थी। खबर की सत्यता पाए जाने पर सीईओ जिला पंचायत के अनुमोदन पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा श्री वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री वर्मा विद्यालय में भी अक्सर नशे में रहते हैं तथा संस्था एवं पठन-पाठन से संबंधित कोई कार्य नहीं करते हैं। श्री वर्मा का निलंबन अवधि में मुख्यालय बीईओ कार्यालय गंगेव निर्धारित किया गया है।

## आकांक्षी विकासखण्डों में विशेष अभियान का शुभारंभ आज

**आकांक्षी विकासखण्ड के 6 मानकों में तीन माह में संपूर्णता सुनिश्चित करें : कलेक्टर**



**रीवा।** देश भर में पाँच सौ विकासखण्डों को आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल किया गया है। इसमें रीवा जिले के सिरमौर और जवा विकासखण्ड शामिल हैं। इन विकासखण्डों में 30 सितम्बर तक संपूर्णता अभियान चलाकर निर्धारित 6 सूचकांकों में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाएगी। इसके लिए 6 जुलाई को सिरमौर विकासखण्ड में माड़ौ तथा जवा विकासखण्ड मुख्यालय में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आकांक्षी विकासखण्डों में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ शिविरों में जाएं। आकांक्षी विकासखण्डों के लिए निर्धारित 6 मानकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास विभाग के बिन्दु शामिल हैं। सभी बिन्दुओं पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करके 30 सितम्बर तक संपूर्णता सुनिश्चित करें। शिविर में विकासखण्ड स्तरीय सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्डों में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं की देखभाल, पूरक पोषण आहार के वितरण तथा संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करें। शिविर में महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य जाँच की उचित व्यवस्था करें। अभियान के दौरान संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करें। बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को सही समय पर टीके लगाना सुनिश्चित करें। इसका विवरण ऑनलाइन अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें चिन्हित गतिविधियों में ऋण और अनुदान देने के साथ बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज का लाभ दें। सभी स्वसहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी कराएं। जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, महिला स्वसहायता समूहों की प्रगति की मॉनीटरिंग कर हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लगातार प्रयास करने पर ही स्वसहायता समूहों का सशक्तीकरण होगा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर पूरक पोषण आहार का वितरण कराएं।

## अवरूद्ध ईव्हीएम का निस्तारण 8 जुलाई को

**रीवा।** उच्च न्यायालय में दायर प्रकरण के समाप्त होने पर अवरूद्ध ईव्हीएम का निस्तारण 8 जुलाई को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयर हाउस में शाम 4 बजे किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने आवेदक अभ्यर्थी अभय कुमार मिश्रा, अनावेदक श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## टीआरएस कालेज और एम एस गोलवरकर कालेज में आयोजित किया गया लर्निंग लाइसेंस शिविर



**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा शासन की मंशानुशार लगातार लर्निंग लाइसेंस शिविरो का आयोजन कालेजो में किया जा रहा है। जिसमें ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा और न्यू साइंस कालेज रीवा में जाकर,परिवहन विभाग द्वारा कालेज में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए लाइसेंस के शिविर लगाये गये।जिसमें मुख्यत: इस बात का विशेष प्रशिक्षण दिया गया कि सभी छात्र/छात्राए अपने से बिना परिवहन कार्यालय गये फ़ेसलेस लार्निंग लाइसेंस बना सके। जिसके लिये परिवहन विभाग ने विशेष रूप से प्रशिक्षित सुखिनन्द और सचिन सोनी जी से बच्चों को प्रशिक्षण दिलाया और दोनों महाविद्यालयों में बच्चो के लाइसेंस बनाकर कालेज़ो के प्राचार्य के हाथों छात्रो को प्रदाय किए गए और परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के कर्मचारियों द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के संबंध में लाइसेंस हेलमेट और यातायात के नियमों की जानकारी साझा की।और बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और उनसे दस दस लॉगोंको जागरूक करने के लिए कहा गया। एन आई सी पोर्टल के अनुशार आज लर्निंग के 155 लाइसेंस जारी किए गये।शिविर में टीआरएस कालेज से प्राचार्य डॉ अर्पिता चतुर्वेदी जी डॉ बीपी सिंह ज्योग्राफ़ी से, डॉ अखिलेश शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी डॉ आर पी चतुर्वेदी, एवं न्यू साइंस कालेज से प्राचार्य डॉ शेषमणि शुक्ला जी , बायोटेक से विश्वजीत तिवारी स्पोर्ट ऑफिसर बी एम पांडेय जी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची तैयार कराने का प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

**रीवा।** त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने का प्रशिक्षण देने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) अजय श्रीवास्तव ने मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किये है। डॉ. बीआर मौर्य, डॉ. मुकेश कुमार यादव, डॉ. आरएन पटेल, रजनीश त्रिपाठी, केसी मिश्रा व अभिषेक कुमार को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

## जिले में अब तक 76.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 5 जुलाई को 12.7 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक सिरमौर में 40 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 34 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 76.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 135.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 17 मिलीमीटर, गुढ़ में 95 मिलीमीटर, सिरमौर में 123.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 37 मिलीमीटर, सेमरिया में 110 मिलीमीटर, मनगवां में 35 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 62 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 83.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी।

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

**रीवा।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है।

## जिले भर में 6 और 7 जुलाई को चलेगा वृक्षारोपण का महाअभियान

**हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य रोपित करे : कलेक्टर**



**रीवा।** जिले भर में वृक्षारोपण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान के तहत जिले भर में 6 और 7 जुलाई को शिक्षण संस्थाओं के परिसरों तथा शासकीय कार्यालय के परिसरों में वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिन कालेज तथा स्कूल परिसरों में सुरक्षित भूमि उपलब्ध है वे वन विभाग से आज ही पौधे प्राप्त कर लें। इन पौधों का 6 और 7 जुलाई को समारोहपूर्वक रोपण कराएं। हर विद्यार्थी कम से कम एक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी उठाए। वृक्षारोपण का अभियान 30 जुलाई तक जारी रहेगा। पौधों की सुरक्षा और देखभाल का प्रबंध करने के बाद वृक्षारोपण कराएं। रोपित पौधों का विवरण वायुदूत एप में भी दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में वृक्षारोपण के लिए लगभग 60 एकड़ जमीन उपलब्ध है। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से इस जमीन पर व्यवस्थित वृक्षारोपण कराएं। जिला महाप्रबंधक उद्योग अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट तथा विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड से सम्पर्क करके इनके सहयोग से बड़ी संख्या में पौधरोपण सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूल परिसरों में पौधरोपण की व्यवस्था करें। इंजीनियरिंग कालेज परिसर में भी वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। सड़क तथा बाउन्ड्रीवाल के किनारे तीन स्तरों में पौधारोपण कराएं। इसमें फलदार तथा छायादार पौधे शामिल रहें जिससे हरियाली के साथ-साथ मार्ग में चलने वालों को पर्याप्त छांव मिले। पेंटियम प्वाइंट कालेज, केन्द्रीय विद्यालय, मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय में भी व्यवस्थित रूप से पौधे रोपित कराएं। शासकीय टीआरएस कालेज में बाउन्ड्रीवाल के किनारे पॉथवे बनाकर उसके दोनों ओर तीन स्तरों पर पौधे रोपित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि मॉडल साइंस कालेज में लैंडस्केपिंग करके पौधा रोपित कराएं। कलेक्टर ने मंदिर परिसरों, प्रमुख मार्गों के किनारे पौधारोपण तथा शासकीय भवन परिसरों में पौधारोपण के निर्देश दिए। बैठक में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने वृक्षारोपण महाअभियान के लिए की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव, समाजसेवी तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ज्योति सिंह, शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में गायत्री मंदिर, ब्राह्मकुमारी, सुदिशा फाउंडेशन, रियेक्ट संस्था, सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान, टीच टू ईच संस्था, विप्र सेवा संघ, कल्पना कल्याण समिति सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833